दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO. RAJHIN/2013/52026
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 13 | अंक : 89 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
टोंक | मंगलवार, 04 नवम्बर 2025 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष चतुर्दशी संवत् - 2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in  badhatarajasthan@yahoo.com  badhatarajasthan.dainik  badtarajasthan

# डंपर ने 14-लाशें बिछा दी जयपुर में 17 गाड़ियों को कुचला



## कार मालिक से हुई थी कहासुनी, CI समेत 3 सस्पेंड

बढ़ता राजस्थान







**जयपुर।** जयपुर में तेज रफ्तार डंपर ने एक के बाद एक 17 गाड़ियों को टक्कर मार दी। हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में कई के शरीर टुकड़ों में बंट गए। किसी का पैर कट गया तो किसी का हाथ। हादसे में 12 घायल हो गए l 7 गंभीर घायलों को SMS अस्पताल ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि हादसा सोमवार दोपहर हरमाड़ा के लोहा मंडी पर हुआ। दोपहर करीब 1 बजे डंपर आरजे-14 जीपी 8724 लोहा मंडी पेट्रोल पंप की तरफ से रोड नंबर -14 से हाईवे पर चढ़ने के लिए जा रहा था l इस दौरान उसने गाड़ियों को टक्कर मार दी। लोगों ने डंपर ड्राइवर को मौके से पकड़ लिया। वह नशे में था। ड्राइवर कल्याण मीणा विराटनगर का रहने वाला है, जिसका हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। पुलिस का कहना है कि हादसे से करीब डेढ़ किलोमीटर पहले एक पेट्रोल पंप के बाहर डंपर ड्राइवर की एक कार सवार से कहासुनी हुई थी। लोगों को कुचलने वाले डंपर के पीछे लिखा था- दम है तो पास कर, वर्ना बर्दाश्त कर। उधर, देर रात डीसीपी ट्रैफिक सुमित मेहरड़ा ने ट्रैफिक पुलिस सीआई राजकिरण, एएसआई राजपाल सिंह और कॉन्स्टेबल महेश कुमार को सस्पेंड कर दिया।

### इनकी हुई मौत

गिरजा बाई (55) पत्नी भंवर सिंह निवासी रोड नंबर-17 विश्वकर्मा, सुरेश कुमार मीणा (35) पुत्र बंदी लाल मीणा निवासी टोंक, महेश कुमार मीणा (35) पुत्र धन्ना लाल मीणा निवासी टोंक, विनोद मालपानी (44) पुत्र ओमप्रकाश निवासी सुदामपुरी हरमाड़ा, भीखी बाई (50) पत्नी नागजी निवासी तालेरा बनासकाटा गुजरात, महेंद्र कुमार बुनकर (38) पुत्र भागीरथ प्रसाद निवासी बुनकरों का मोहल्ला सीपुर सीकर, भावना वर्मा उर्फ भानु (7) पुत्री दशरथ निवासी सीपुर सीकर समेत 14 की मौत हो गई। 7 अन्य मरने वालों की अभी पहचान नहीं हुई है।

### इनका इलाज जारी है

वर्षा कुमारी (25), दानिश (45), अजय (55), मनोज (45), देशराज (51), कमल (40), ज्ञान रंजन (24) का एसएमएस अस्पताल में इलाज चल रहा है। कांवटिया में ईश्वर भाई (36), नाग जी भाई (39),पन्ना का इलाज जारी है। वहीं दो घायलों का प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### 300 मीटर दूर से टक्कर मारता हुआ आया

हेड कॉन्स्टेबल रविंद्र ने बताया कि डंपर खाली था। जो रोड नंबर 14 की तरफ जा रहा था।l लोहा मंडी रोड पर करीब 300 मीटर दूर से लोगों को टक्कर मारता आ रहा था। कई वाहनों और लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। लोगों को एंबुलेंस के जरिए अस्पताल भिजवाया गया।

## भोपाल में एअर इंडिया की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट पर एअर इंडिया की एक फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। विमान दिल्ली से बेंगलुरु की ओर जा रहा था। उड़ान के दौरान पायलट को फ्लाइट के कार्गो से इमरजेंसी वॉर्निंग सिग्नल मिला था। इसके बाद पायलट ने सतर्कता बरतते हुए भोपाल एयरपोर्ट पर विमान को उतारा।

भोपाल एयरपोर्ट के डायरेक्टर रामजी अवस्थी ने बताया कि फ्लाइट ने रात 8.15 बजे एहतियातन भोपाल में लैंड किया था। यह एक सामान्य प्रक्रिया होती है, जब पायलट को सिस्टम में कुछ अनयूजुअल लगता है।

## शराब पीकर वाहन चलाने वाले का हो लाइसेंस रद्द, हाईवे के आस-पास अतिक्रमण तुरंत हटाएं

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में यातायात एवं सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत और प्रभावी बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने परिवहन, पुलिस और सार्वजनिक निर्माण विभाग को संयुक्त रूप से प्रदेशभर में मंगलवार (4 नवम्बर) से आगामी 15 दिन तक सड़क सुरक्षा अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करवाने के साथ ही दुर्घटनाओं में जनहानि को रोकने के लिए सभी संबंधित विभाग मिलकर कार्य करें।

श्री शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर टैफिक एवं सड़क सुरक्षा को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने जिला सड़क सुरक्षा समिति की नियमित बैठक नहीं लेने वाले जिला कलक्टर्स से जवाब लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारी वाहन लाइसेंस नवीनीकरण के समय प्रस्तुत की जाने वाली आंखों की जांच रिपोर्ट गलत पाए जाने पर उसे जारी करने वाले संबंधित डॉक्टर के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने परिवहन और पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि शराब पीकर वाहन चलाने और ओवरस्पीड के बार-बार चालान होने पर वाहन चालक का लाइसेंस निरस्त किया जाए। उन्होंने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत प्रदेश में चिन्हित ब्लैक स्पॉटों को शीघ्र ठीक करवाने एवं राष्ट्रीय व राज्य राजमार्गों पर अवैध कट को शीघ्र बंद करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने जयपुर-कोटा, जयपुर-दिल्ली, जयपुर-अजमेर व जयपुर-भरतपुर हाईवे पर वाहन चालकों के लिए नवीन आरामस्थलों के लिए जमीन चिन्हित कर बनवाने के निर्देश दिए। अवैध ढाबों व पार्किंग के खिलाफ हो कठोरतम कार्रवाई-

एनएचएआई के अधिकारियों को राजस्थान में भारतमाला राष्ट्रीय राजमार्ग और दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर के किनारे समस्त अवैध निर्माणों व ढाबों को शीघ्र हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर सभी संकेतक तथा विशेष रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों पर आराम स्थल, ट्रक ले-बाई और स्लिप लाइन के संकेतकों के निश्चित स्थान पर लगे होने को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हाईवे पर तय स्थानों को छोड़कर वाहन रोकने वाले चालकों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की जाए।

## नेपाल में बर्फ का पहाड़ टूटा, 7 पर्वतारोहियों की मौत

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** नेपाल के उत्तर-पूर्वी हिस्से में यालुंग री नाम की चोटी पर सोमवार को बर्फ का पहाड़ टूटने से 7 लोगों की मौत हो गई जबकि 4 लोग घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब हिमस्खलन 5,630 मीटर ऊंची चोटी के बेस कैंप पर आ गया। हादसे के बाद 4 लोग लापता हैं। मृतकों में 3 अमेरिकी, 1 कनाडाई, 1 इतालवी और 2 नेपाली नागरिक शामिल हैं। यह जानकारी डोलखा जिले की पुलिस ने दी है। यह इलाका बागमती प्रांत के रोलवालिंग वैली में आता है।

नेपाली वेबसाइट हिमालयन टाइम्स के मुताबिक यह हादसा सुबह करीब 9 बजे हुआ। 15 लोगों की एक टीम गौरीशंकर और यालुंग री की ओर बढ़ रही थी। इस दौरान एवलॉन्च ने बेस कैंप के पास ही उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय वार्ड अध्यक्ष निंगगेली शेरपा ने बताया कि सुबह से ही प्रशासन को कई बार मदद के लिए सूचना दी गई, लेकिन बचाव अभियान देर से शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि रोलवालिंग क्षेत्र प्रतिबंधित इलाका होने के कारण हेलिकॉप्टर को उड़ान की अनुमति मिलने में देरी हुई, जिससे रेस्क्यू ऑपरेशन और भी धीमा पड़ गया। पुलिस के मुताबिक नेपाल आर्मी, नेपाल पुलिस और आर्म्ड पुलिस फोर्स को खोज और बचाव अभियान में लगाया गया है। एक हेलिकॉप्टर भी भेजा गया, लेकिन मौसम खराब होने के कारण वह हादसे वाली जगह तक नहीं पहुंच सका।

## पीएम मोदी 6 नवंबर को आ रहे फारबिसगंज... SPG ने संभाली कमान, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** फारबिसगंज के हवाई फील्ड मैदान में छह नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर सुरक्षा चाक-चौबंद रहेंगी। एसपीजी पर सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी रहेगी। पीएम के आगमन से चार दिन पहले ही फारबिसगंज में एसपीजी के अधिकारियों ने पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था संभाल लिया है।

बताया जाता है कि पीएम की सुरक्षा को लेकर पूरी टीम फारबिसगंज पहुंची है। हवाई अड्डा मैदान में बने हेलीपैड पर भी रिहर्सल किया जाएगा। प्रधानमंत्री के काफिले में दो बख्तरबंद सहित एक दर्जन से अधिक वाहन शामिल रहेंगे।

बताया जाता है कि पीएम जिस बुलेट प्रूफ गाड़ी में सफर करेंगे वह बीएमडब्ल्यू सात सीरीज की कार है। इसके आगे पीछे जैमर से लैस गाड़ी सड़क के दोनों तरफ सौ मीटर की दूरी पर रखे विस्फोटक को डिफ्यूज करने में कारगर रहेगी। सोमवार को फारबिसगंज पहुंची एसपीजी की टीम ने पूरे मैदान का निरीक्षण किया एवं सुरक्षा को लेकर काफी गंभीर दिखे। इधर हवाई फील्ड मैदान में प्रधानमंत्री के रैली प्रभारी यूपी के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौड़, कार्यक्रम प्रभारी मनोज झा, मंच प्रभारी बिमल सिंह, जिला प्रवक्ता प्रो. गणेश ठाकुर, हरदोई के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्रा आदि खुद मौजूद होकर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के व्यवस्था की जानकारी लेते हुए नजर आए। मैदान में सभा को लेकर मंच व अन्य स्थानों पर काम कर रहे मजदूरों से भी बात की एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर लोगों में उत्साह है।

## संवेदनशील स्थलों से हटाए जाएं रील बनाने वाले पुलिसकर्मी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** संवेदनशील स्थलों पर ड्यूटी के दौरान रील बनाने वाले पुलिसकर्मियों को भी कड़ी चेतावनी दी। लापरवाही से कहीं कोई बड़ी चूक न हो, इसके लिए रील बनाने वाले पुलिसकर्मियों को संवेदनशील स्थलों से हटाए जाने का निर्देश भी दिया।

कहा, ऐसे पुलिसकर्मियों को देव दीपावली व अन्य प्रमुख आयोजनों में ड्यूटी पर न लगाया जाए, जिससे जनसेवा के कार्य में अनुशासन व मर्यादा बनी रहे। सुरक्षा में किसी चूक को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।



## सम्पादकीय

# लड़कियों ने किया कमाल, विश्व कप जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार वनडे विश्व कप जीत कर केवल इतिहास ही नहीं रचा, बल्कि अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने के साथ देश की लाखों लड़कियों के लिए खेलों और अन्य क्षेत्रों में संभावनाओं के द्वार खोलने का भी काम किया। इस जीत ने फिर यह सिद्ध किया कि लड़कियां लडक़ों की ही तरह हर क्षेत्र में चुनौतियों से पार पा सकती हैं और अपने हौसले से देश-दुनिया को चमत्कृत कर सकती हैं। यह जीत लड़कियों के प्रति हमारे पुरुष प्रधान समाज के दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव लाने वाली सिद्ध होनी चाहिए। यह बदलाव उन्हें आगे बढने और खुद को साबित करने के मौके तो देगा ही, भारतीय समाज में खेलों की महत्ता भी बढ़ाएगा। ऐसा होना भी चाहिए, क्योंकि आज के युग में खेल के मैदान में अर्जित की जाने वाली सफलताएं देश विशेष की प्रगति का सूचक हैं। महिला विश्व कप की जीत इसलिए एक बड़ी सफलता है, क्योंकि इसके पहले किसी अंतरराष्ट्रीय खेल में भारतीय लड़कियों की टीम ने कोई खिताब नहीं जीता था। यह जीत इसलिए भी विशेष है, क्योंकि महिला विश्व कप क्रिकेट में आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड का दबदबा था। इसके पहले के सभी महिला विश्व कप क्रिकेट आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के नाम रहे। एक तरह से भारतीय टीम ने अपनी जीत से विकासशील देशों की महिला क्रिकेट टीमों को भी प्रेरणा प्रदान करने का काम किया। महिला वनडे विश्व कप जीत की प्रतीक्षा किस बेसब्री से की जा रही थी, इसका पता फाइनल मुकाबले को लेकर बने माहौल से भी चलता है और स्टेडियम में उमड़ी दर्शकों की भीड़ से भी। यह माहौल और भीड़ इस कारण थी कि खेल प्रेमियों को कप्तान हरमनप्रीत कौर और उनकी उत्साही टोली पर भरोसा था। इस भरोसे का आधार उनके खेल में आए सुधार के साथ यह भी था कि भारतीय महिला टीम दो बार वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंच चुकी थी। यह स्वाभाविक है कि इस जीत को 1983 के वनडे विश्प कप में कपिल देव के नेतृत्व वाली टीम की ओर से हासिल की गई खिताबी जीत के समकक्ष बताया जा रहा है। उस जीत ने भारतीय क्रिकेट का चेहरा बदल दिया था। महिला क्रिकेट के साथ ऐसा होना और आसान है, क्योंकि तब के मुकाबले आज भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड आर्थिक रूप से कहीं अधिक सक्षम है। वास्तव में क्रिकेट बोर्ड की इस आर्थिक सक्षमता ने ही महिला क्रिकेटरों के विश्व विजयी अभियान को सुगम बनाया। बीसीसीआइ ने 2006 में महिला क्रिकेट की कमान अपने हाथ में ली थी। यदि उसने दो दशक के अंदर ही महिला क्रिकेटरों को शिखर पर पहुंचा दिया तो इसका कारण है उनके प्रोत्साहन के लिए उनकी पुरस्कार राशि पुरुषों के समान करना, उन्हें उनके जैसे संसाधन उपलब्ध कराना और महिला प्रीमियर लीग शुरू करना।




## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 4 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1509 - अल्मीडा के बाद अल्फांसो द अल्बुकर्क भारत में दूसरे पुर्तग़ाली वायसराय बने।
- 1619 - फ्रेडरिक पंचम यूरोपीय देश बोहेमिया के राजा बने।
- 1822 - दिल्ली में जल आपूर्ति योजना का औपचारिक रूप से शुभारंभ।
- 1856 - जेम्स बुकानन अमेरिका के 15वें राष्ट्रपति बने।
- 1875 - अमेरिका के बोस्टन में मैसाचुसेट्स राइफल एसोसिएशन की स्थापना हुयी।
- 1911 - अफ्रीकी देश मोरक्को और कांगो को लेकर फ्रांस तथा जर्मनी के बीच समझौते पर हस्ताक्षर।
- 1984 - ओ बी अग्रवाल एमेच्योर स्नूकर के विश्व चैंपियन बने।
- 1997 - सियाचीन बेस कैम्प में सेना की आफ़ सिग्नल ने विश्व का सर्वाधिक ऊँचा एस.टी.डी. बूथ स्थापित किया।
- 2000 - संयुक्त राष्ट्र संघ में परमाणु हथियारों पर प्रतिबंध लगाने व विखंडनीय पदार्थों के उत्पादन पर रोक संबंधी जापान का प्रस्ताव भारत के विरोध के बावजूद पारित।
- 2002 - चीन ने आसियान देशों के साथ मुक्त व्यापार क्षेत्र संधि पर हस्ताक्षर किये।
- 2003 - श्रीलंका की राष्ट्रपति चंद्रिका कुमारतुंगा ने रक्षा, गृह और सूचना मंत्रियों को बर्खास्त कर संसद को निलम्बित किया।
- 2005 - संयुक्त राष्ट्र की ईराक के लिए तेल के बदले खाद्यान्न योजना में की गई गड़बड़ी की जाँच की रिपोर्ट तैयार करने वाले पॉल वोल्कर ने स्पष्ट किया कि आरोपियों को सफाई का अवसर दिया गया था।
- 2008- सार्वजनिक क्षेत्र के छह बैंक बेंचमार्क उधारी दर में 0.75 के आधार अंक तक की कटौती करने पर सहमत हुई। केन्द्र सरकार ने गंगा नदी को राष्ट्रीय नदी घोषित करने का निर्णय लिया। चन्द्रमा के लिए भारत का पहला मानवरहित अंतरिक्षयान चन्द्रयान-1 चन्द्रमा के अंतरिक्ष कक्ष में पहुँचा।
- बराक ओबामा अफ्रीकी मूल के पहले अमेरिकी राष्ट्रपति बने।

## विशेष आलेख

# धर्म-स्थलों के हादसें-आखिर कब जागेगा तंत्र?



ललित गर्ग



आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम में वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में मची भगदड़ में हुई दर्दनाक मौतों ने एक बार फिर हमारे प्रशासनिक ढांचे, सरकारों की संवेदनशीलता और तंत्र की जवाबदेही पर गहरे सवाल खड़े कर दिए हैं। हर बार ऐसी त्रासदी होती है, कुछ जानें जाती हैं, कुछ परिवार उजड़ते हैं, कुछ आंसू बहते हैं- फिर वही रटंत बयान, जांच के आदेश दे दिए गए हैं, दोषियों पर कार्रवाई होगी, पीडित परिवारों को मुआवजा दिया जाएगा और फिर सब कुछ धूल में मिल जाता है। सवाल यह है कि आखिर हम कब तक इस लापरवाही, इस प्रशासनिक नींद, इस जानलेवा कोताही और इस संवेदनहीन व्यवस्था का शिकार बने रहेंगे? किसी धार्मिक स्थल पर भगदड़ की यह पहली घटना नहीं, लेकिन अफसोस है कि पुरानी गलतियों से सबक नहीं लिया जा रहा। ऐसी त्रासद, विडम्बनापूर्ण एवं दुखद घटनाओं के लिये मन्दिर प्रशासन और सरकारी प्रशासन जिम्मेदार है, एक बार फिर भीड़ प्रबंधन की नाकामी श्रद्धालुओं के लिये मौत का मातम बनी, चीख, पुकार और दर्द का मंजर बना। इस घटना के बाद जिस तरह से बयान दिए जा रहे हैं, वह पीडितों के जले पर नमक छिडक़ने जैसा है। धार्मिक स्थल आस्था के केंद्र होते हैं, ऊर्जा के केन्द्र होते हैं, जहां लोग शांति और श्रद्धा पाने आते हैं, लेकिन यह कैसी विडंबना है कि इन पवित्र स्थलों पर भी लोगों को असमय मृत्यु का सामना करना पड़ता है। श्रीकाकुलम में जो कुछ हुआ, वह केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि एक प्रणालीगत विफलता है। भीड़ प्रबंधन के नाम पर प्रशासन हर बार हाथ खड़े कर देता है। न पर्याप्त बैरिकेडिंग, न एंट्री-एग्जिट का संतुलन, न भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त पुलिसबल या वॉलंटियर, न मेडिकल सहायता का इंतजाम। मन्दिरों, त्योहारों और विशेष अवसरों पर श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ के बावजूद तैयारी का नामोनिशान नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। श्रीकाकुलम में वेंकटेश्वर स्वामी का यह मंदिर कुछ महीने पहले ही खोला गया था और राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि जिले के अधिकारियों को इसके बारे में जानकारी नहीं थी। हालांकि इससे यह जवाबदेही खत्म नहीं हो जाती कि एक धार्मिक स्थल पर क्षमता से कई गुना ज्यादा लोग जुटते चले गए और फिर भी स्थानीय पुलिस-प्रशासन को भनक कैसे नहीं लगी। सरकार और मंदिर प्रबंधन की बातों से लग रहा है कि दोनों पक्ष घटना से पल्ला झाडने की कोशिश कर रहे हैं। मंदिर का निर्माण ओडिशा के जिस शख्स हरि मुकुंद पांडा ने कराया है, उनका कहना है कि सीढियों की रेलिंग टूटने से हादसा हुआ। लेकिन, यही वजह तो काफी नहीं। भगदड़ मचने के बाद श्रद्धालुओं को बाहर जाने का रास्ता नहीं मिल पाया, वह व्यवस्थापकों की लापरवाही का नतीजा है। मंदिर में आने-जाने का एक ही रास्ता था और जब भीड़ अनुमान से अधिक बढ़ती चली गई, तब भी पुलिस-प्रशासन को सूचित नहीं किया गया। इस पर पांडा का कहना कि इस घटना के लिए कोई जिम्मेदार नहीं, यह एक्ट ऑफ गॉड है- इक्कीसवीं सदी के वैज्ञानिक युग में इस तरह की सोच बेहद शर्मनाक है। यह उन लोगों की पीड़ा का मजाक उड़ाने जैसा है, जिन्होंने अपनों को खोया। यह घटना कोई अपवाद नहीं है, बल्कि हाल के वर्षों में दुनिया भर में सामने आई ऐसी घटनाओं की कड़ी का नया खौफनाक मामला है, जहां भीड़ नियंत्रण में चूक एवं प्रशासन एवं सत्ता का जनता के प्रति उदासीनता का गंभीर परिणाम एवं त्रासदी का ज्वलंत उदाहरण है। श्रीकाकुलम के मातम, हाहाकार एवं दर्दनाक मंजर ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल ही नहीं खोली बल्कि सत्ता एवं धार्मिक व्यवस्थाओं के अमानवीय चेहरे को भी बेनकाब किया है। हर बार जांच, कठोर कार्रवाई करने, सबक सीखने की बातें की जाती हैं, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात वाला है। न तो शासन-प्रशासन कोई सबक सीख रहा है और न ही आम जनता संयम एवं अनुशासन का परिचय देने की आवश्यकता समझ रही है। भगदड़ की घटनाओं का सिलसिला कायम रहने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की बदनामी भी होती है, क्योंकि इन घटनाओं से यही संदेश जाता है कि भारत का शासन-प्रशासन भगदड़ रोकने में पूरी तरह नाकाम है। सार्वजनिक स्थलों पर भगदड़ की घटनाएं दुनिया के अन्य देशों में भी होती है, लेकिन उतनी नहीं जितनी अपने देश में होती ही रहती हैं।

यह कोई पहली घटना नहीं है। अतीत में प्रयागराज कुंभ, अयोध्या, हरिद्वार में प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर, सबरीमला, वैष्णो देवी, पुलकेश्वरम, देवरी मंदिर जैसे अनेक स्थलों पर भी ऐसी भगदड़ें हो चुकी हैं। चिंता की बात यह है कि पिछले हादसों से कोई सबक सीखने को तैयार नहीं है। केवल आंध्र में ही इस साल यह तीसरी बड़ी दुर्घटना है। जनवरी में तिरुपति और अप्रैल में विशाखापत्तनम के सिम्हाचलम में भगदड़ से कई मौतें हुई थीं। पूरे देश में इस साल अभी तक भगदड़ की विभिन्न घटनाओं में 114 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। हर बार सरकारें सीख लेने की बात करती हैं, लेकिन हकीकत यह है कि सीखने की क्षमता हमारे तंत्र से जैसे गायब हो चुकी है। धार्मिक आयोजनों की भीड़ का अनुमान लगाना मुश्किल नहीं होता। आज तकनीक का युग है सीसीटीवी, ड्रोन, डिजिटल टिकटिंग, भीड़-सेंसरिंग सिस्टम जैसी आधुनिक व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं।

# आखिर भारत की शेरनी बेटियों ने जीत लिया दिल और क्रिकेट वर्ल्ड कप




सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'

*भारतीय टीम ने वर्ल्ड कप 2025 के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। शेफाली वर्मा और दीप्ति शर्मा की शानदार बल्लेबाजी के सहारे भारत ने ये मुकाबला अपने नाम किया।*

सबसे पहले तो हरदिल जीत वर्ल्ड कप की विजेता महिला टीम को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। इन बेटियों ने तो कमाल कर दिया, भारत की बेटियों ने पहली बार महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रच दिया है। भारतीय टीम ने वर्ल्ड कप 2025 के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। शेफाली वर्मा और दीप्ति शर्मा की शानदार बल्लेबाजी के सहारे भारत ने ये मुकाबला अपने नाम किया। स्मृति मंधाना, हरमनप्रीत कौर समेत पूरी टीम का योगदान इस जीत में अमूल्य रहा। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 298/7 का मजबूत स्कोर खड़ा किया। जहाँ दृढ़ शेफाली वर्मा ने 78 गेंदों में 87 रन बनाकर टीम को जबरदस्त शुरुआत दी और अटल स्मृति मंधाना (45) ने उनका अच्छा साथ दिया।मिडिल ऑर्डर में दीप्ति शर्मा (58) ने संयम दिखाया और ऋचा घोष ने अंतिम ओवरों में तेज़ 34 रन जोडक़र स्कोर को मजबूती दी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीकी टीम की कप्तान वोल्वात (101) ने शतकीय पारी खेली, लेकिन लगातार गिरते विकेटों के कारण आखिरकार साउथ अफ्रीका की टीम टीम 246 रन पर ही ऑल आउट हो गई। गेंदबाजी में तो मानो कमाल करते हुए दीप्ति शर्मा ने 5/39 के मैच विनिंग स्पैल के साथ इतिहास रच दिया। उन्होंने वोल्वात समेत अहम विकेट निकाले, शेफाली वर्मा और स्नेह राणा ने भी एन मौके पर अहम विकेट चटकाने में पीछे नहीं रहीं। भारत की मजबूत फील्डिंग और कप्तान हरमनप्रीत कौर की चतुराई भरी कप्तानी के आगे एक मजबूत और सशक्त टीम अंततः ढेर हो गई। शानदार कप्तानी और 11 खिलाडियों की दृढ़ता, लगन, और कुशलता ने टीम को पहली बार वर्ल्ड कप दिलवाया कर ही दम लिया।शेफाली वर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि दीप्ति शर्मा को टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का सम्मान मिला। देशभर में इस जीत के बाद खुशियों की लहर दौड़ गई और भारत का हर कोना गर्व से झूम उठा। यह जीत नई भारत की बेटियों के सपनों और लगन का प्रतीक है, जिसने आने वाली पीढियों के लिए प्रेरणा का स्रोत खोल दिया है।फाइनल के वर्ल्ड कप जीत के मुख्य सूत्रधार खिलाड़ी - शेफाली वर्मा सबसे बड़ा योगदान 87 रन, 2 विकेट (प्लेयर ऑफ द मैच),दीप्ति शर्मा, 58 रन, 5 विकेट (प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट) स्मृति मंधाना,45 रन,ऋचा घोष,अंतिम ओवरों में तेज़ 34 रन हरमनप्रीत कौर,निर्णायक कप्तानी , फील्डिंग में कुशलता,स्नेह राणा,महत्वपूर्ण विकेट। यह जीत मेहनत, जुनून, और सीना तानकर मैदान में उतरने वाली भारतीय बेटियों के अदम्य संघर्ष की मिसाल है। वर्ल्ड कप 2025 में भारत का तिरंगा इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो गया है।मुकाबले का निर्णायक पल तो तब आया, जब दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ट ने शानदार शतक के बाद बड़ा शॉट खेलने का प्रयास किया और दीप्ति शर्मा की स्पिन गेंद पर उनका विकेट गिर गया। इसी विकेट के साथ दक्षिण अफ्रीका की उम्मीदें लगभग टूट गईं, क्योंकि टीम को बाकी ओवरों में तेज़ रन की ज़रूरत थी।

## लघुकथा

बढ़ता राजस्थान



**संगति का फल :** एक बार की बात है एक बूढी मां के दो बच्चे थे। वह मां बहुत अमीर थी। बड़ा बेटा संतों की संगत में रहता था तो छोटा बेटा गलत व्यक्तियों की संगत में रहता था। आए दिन ही उस के पास छोटे बेटे की शिकायत लेकर लोग पहुंच जाते थे। जब मां बेटे से उन लोगों के बारे में बताती तो वह मां को उल्टा ही डांटना लगता था। इस संगत का यह परिणाम हुआ कि बड़े बेटे ने व्यापार में खूब उन्नति की तथा अपने लिए नया घर बनवा लिया जबकि गलत संगति वाले छोटे बेटे ने मिली संपत्ति को नशे और इधर उधर के कामों में उड़ा डाला और भीख मांगने लगा। उसकी गलत संगति और गंदे आदतों की वजह से उसके भाई और मां ने कोई सहायता नहीं की।

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# डायबिटीज पेशेंट्स के लिए रामबाण है आंवला, ब्लड शुगर कंट्रोल करने के लिए इन तरीकों से करें सेवन

आज के समय में डायबिटीज एक आम समस्या बन चुकी है और इसका मुख्य कारण है हमारी गलत खानपान और खराब जीवनशैली। डायबिटीज होने पर शरीर में पर्याप्त मात्रा में इंसुलिन का उत्पादन नहीं हो पाता है, जिसके कारण ब्लड शुगर लेवल अनियंत्रित तरीके से बढने लगता है। अगर समय पर इसे कंट्रोल न किया जाए, तो यह बीमारी शरीर के कई प्रमुख अंगों को डैमेज कर सकती है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि डायबिटीज एक लाइलाज बीमारी है, जिसे जड़ से खत्म नहीं किया जा सकता है। इसे सिर्फ दवाइयों, स्वस्थ खानपान और लाइफस्टाइल के जरिए कंट्रोल किया जा सकता है। इसके अलावा, कुछ घरेलू उपायों की मदद से भी ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल किया जा सकता है। इन्हीं घरेलू उपायों में आंवला भी शामिल है। जी हां, आंवले का सेवन डायबिटीज के मरीजों के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। नियमित रूप से इसका सेवन करने से ब्लड शुगर लेवल को काफी हद तक कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है। डायटीशियन अबर्ना के मुताबिक, आंवला खाने से ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है। डायबिटीज के मरीजों को अपनी डाइट में आंवला जरूर शामिल करना चाहिए है। दरअसल, इसमें औषधीय गुण भरपूर मात्रा में मौजूद होते हैं, जो कई बीमारियों को दूर करने में मदद करते हैं। इसमें विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जो बॉडी को डिटॉक्स करने और ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद करते हैं। इसके अलावा, इसका सेवन करने से शरीर का मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी और आपको अपनी शारीरिक समस्याओं को लेकर लापरवाही नहीं बरतनी है। आप उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे।

### वृष
आज आपको जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने से बचना होगा। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो सकती हैं और माहौल खुशियों से भरा रहेगा।

### मिथुन
आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। आपका रचनात्मक कार्यो में काफी अच्छा समय बीतेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों की अपने साथी से किसी बात को लेकर खटपट होने की संभावना है।

### कर्क
आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए बढिय़ा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको सहकारियों का पूरा सहयोग मिलेगा। दोस्तों से आपकी खूब पटेगी। जो लोग विदेशों से व्यापार कर रहे हैं, उन्हें सतर्क रहना होगा।

### सिंह
आज का दिन रोजगार की तलाश में इधर-उधर भटक रहे लोगों के लिए बढिय़ा रहने वाला है। आप अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे। वरिष्ठ सदस्यों की कृपा आप पर बनी रहेगी।

### कन्या
आज आपको वाणी और व्यवहार पर नियंत्रण रखना होगा। आपको किसी महत्वपूर्ण चर्चा में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आपको अपने तकनीकी ज्ञान का पूरा लाभ मिलेगा। आपको किसी दूसरे के मामले में नहीं बोलना है ।

### तुला
आज आपका कोई कानूनी मामला आपको समस्या देगा। आपके कुछ मनचाहे खर्च हो सकते हैं। सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्रों में आपकी अच्छी साख रहेगी। नौकरी में आपको अधिकारियों का पूरा सहयोग मिलेगा।

### वृश्चिक
आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपको व्यापार में छुटपुट लाभ की योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

### धनु
आज का दिन आपके लिए खर्चों से भरा रहेगा। आप अपनी जरूरत से ज्यादा खर्च करेंगे, जो आपको समस्या देंगे। नौकरी में कोई वाद-विवाद खड़ा हो सकता है। जीवनसाथी को लेकर आप किसी तीर्थ स्थान पर जाने की तैयारी कर सकते हैं।

### मकर
आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आप अपने घर की साज सज्जा पर पूरा ध्यान देंगे। यदि आप किसी प्रॉपर्टी की खरी फरोख्त की योजना बना रहे थे, तो आपकी वह इच्छा भी पूरी होगी।

### कुंभ
आज का दिन आपके लिए लेनदेन से संबंधित मामलों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। परिवार में किसी प्रॉपर्टी को लेकर कोई मुद्दा सिर उठा सकता है। वरिष्ठ सदस्यों से आप कुछ पुरानी बातों को निकलवाने की कोशिश करेंगे।

### मीन
आज आपको किसी जोखिम भरे काम में हाथ डालने से बचाना होगा और आप दोस्तों के साथ कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे, जिससे आपका कोई भारी नुकसान भी हो सकता है। प्रेम जीवन जी रहे।

# बच्चों को दी बाल संरक्षण के मुद्दों की जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** चाइल्ड हेल्पलाइन टोंक द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मेहंदवास व चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल मेहंदवास में बाल संरक्षण के मुद्दों पर जानकारी दी।



इस दौरान परियोजना अधिकारी चाइल्ड हेल्प लाइन कमलेश सैनी व सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई बाल अधिकारिता विभाग नवल खान के मार्गदर्शन में चाइल्ड हेल्प लाइन टीम से सुपरवाइजर निसार अहमद ने बताया कि चाइल्ड हेल्प लाइन किस प्रकार से काम करती है, यह आपातकालीन फोन सेवा है तथा 1098 पर जानकारी देने वाले का नाम ओर नंबर गोपनीय रखा जाता है तथा चाइल्ड हेल्प लाइन टीम से काउन्सलर रोशनी बैरवा ने बालिका शिक्षा एवं बालिका सशक्तिकरण व गुड टच और बेड टच के बारे में बालिकाओं को जानकारी दी। साथ ही टीम से सुपरवाइजर राजू चौधरी ने बाल अधिकारों, भिक्षावृत्ति, बाल मजदूरी पर जानकारी दी। इस दौरान केस वर्कर राकेश शर्मा बच्चों को बाल विवाह के दुष्परिणाम के बारे में जानकारी दी तथा बाल विवाह की शपथ दिलवाई व बताया कि बच्चे व बच्चियों के साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ या यौन शोषण होता है तो आप चाइल्ड हेल्पलाइन के नंबर 1098 पर दे सकते हैं । इस दौरान स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

# अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के कार्यक्रम में टोंक से पदाधिकारियों ने लिया भाग



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** अन्तराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन राजस्थान के तत्वाधान में आयोजित दीपावली सजावट सम्मान एवं स्नेह मिलन समारोह 2025 जयपुर में आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े थे। जिला महामंत्री महेंद्र दुसाद खंडेलवाल लाला एवं प्रदेश मंत्री अशोक गांधी ने बताया कि अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन राजस्थान द्वारा हर वर्ष जयपुर में सजावट करने पर पुरस्कार वितरण किए जाते हैं, उसी कड़ी में इस बार भी यह कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष एनके गुप्ता, प्रदेश प्रभारी धुरवदास अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री गोपाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुरेश कालानी, सोहनलाल तांबी, युवा प्रदेश महामंत्री केदार गुप्ता, कृष्णअवतार बाजरगान, प्रदेश महिला अध्यक्ष चारु गुप्ता, महिला प्रदेश महामंत्री सीमा सेठी सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों के सानिध्य में आयोजित किया गया, जिसमें शानदार सजावट करने वालों को का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यपाल ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में मारवाड़ीयो का 24 प्रतिशत योगदान है। कार्यक्रम में टोंक से जिला प्रमुख एवं प्रदेश कार्यकारी महिला अध्यक्ष सरोज बंसल, भाजपा नेता एवं जयपुर भाजपा सह प्रभारी नरेश बंसल, टोंक जिला अध्यक्ष रामजीलाल विजयवर्गीय, कार्यकारी जिला अध्यक्ष रोहित जैन सहित कई पदाधिकारी शामिल हुए । कार्यक्रम का संचालन युवा प्रदेश महामंत्री केदार गुप्ता द्वारा किया गया।

# शांति भंग के आरोप में सात व्यक्तियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** पुलिस थाना मेहन्दवास क्षेत्र में नशा शराब में वाहन चलाते हुए पाये जाने पर शांति भंग के आरोप में सात व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक थार कार व एक मोटर साईकिल को जप्त किया गया है। मेहन्दवास थानाधिकारी ओम प्रकाश ने बताया कि शांति भंग करने के आरोपी किशन सिंह नरुका पुत्र समर्थसिंह राजपूत (37) निवासी खरेडा, महेन्द्र पुत्र रामनिवास बैरवा (20) निवासी बैरवा ढाणी राधावलभ्भपुरा, हेमराज पुत्र रामनिवास बैरवा (35) निवासी बैरवा ढाणी राधावलभ्भपुरा, लेखराज पुत्र शिवपाल मीणा (23) निवासी अरनियामाल थाना मेहन्दवास जिला टोंक, विष्णु पुत्र रामदयाल जाट (28) निवासी कादेडा थाना चाकसू जिला जयपुर, हरिसिंह पुत्र रामप्रसाद जाट (38) निवासी 70 बी शताब्दी नगर टीबी टोल टेक्स सागानेर थाना मालपुरा गेट जिला जयपुर एवं गुलशन पुत्र पुरणमल रैगर (22) निवासी रैगरों का मोहल्ला सीतापुरा थाना सांगानेर सदर जिला जयपुर को गिरफ़्तार कर निरोधात्मक कार्यवाही की गई एवं नशा शराब में वाहन चलाते हुए पाये जाने पर एक थार कार, एक मोटरसाईकिल को एमवी एक्ट में जप्त किया गया।

# बीएलओ आज से मतदाताओं के घर-घर पहुंच गणना फॉर्म का करेंगे वितरण व संग्रहण का कार्य

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी) ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियां का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम टोंक जिले में 28 अक्टूबर से शुरू हो गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी कल्पना अग्रवाल ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का उद्देश्य मतदाता सूचियां को पूर्णत: सटीक, पारदर्शी और अद्यतन बनाना है, ताकि कोई पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से छूटे नहीं और कोई भी अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल नहीं रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र वितरण का कार्य 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक किया जाएगा। इस कार्य में स्वयं सेवक के रूप में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पंचायतीराज एवं शहरी निकायों के कार्मिकोंए एनसीसीए स्काउट गाइड आदि का सहयोग लिया जाएगा। साथ ही राजनैतिक दलों के बूथ स्तरीय अभिकर्ताओं (बीएल) को भी इस प्रक्रिया से जोड़ा जाएगा। विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत निर्वाचन विभाग द्वारा प्रत्येक मतदाता के लिए गणना प्रपत्र तैयार किए गए हैं। जिसे बीएलओ प्रत्येक मतदाता के घर पर पहुंचकर उपलब्ध करवाएंगे तथा गणना प्रपत्र भरवाकर वापस प्राप्त करेंगे।

## जिले में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास

# मिलावट के खिलाफ अभियान में राज्य सरकार का सहयोग करें : डॉ किरोड़ी लाल मीणा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** कृषि, उद्यानिकी, ग्रामीण विकास एवं आपदा प्रबंधन विभागों के मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीना ने आमजन से अपील की है कि नकली खाद, नकली घी और मावा सहित अन्य मिलावटी सामान तथा मिठाइयां आदि बेचकर जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने के खिलाफ राज्य सरकार के अभियान में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि नकली और मिलावटी खाद्य पदार्थ बनाने और बेचने वाली फैक्ट्री आदि की पहचान और छापामारी की कार्रवाई में लोगों को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कृषि मंत्री सोमवार को सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय पर पंचायत समिति परिसर में विकास कार्यों के लोकार्पण के अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। यह कार्यक्रम डॉ. मीना के जन्मदिवस अवसर पर आयोजित किया गया था। उन्होंने समिति परिसर में राजीविका महिलाओं द्वारा संचालित दीदी की कैन्टीन का उद्घाटन किया



और जिला परिषद की ओर से जिले के निर्धनतम परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से 'सुई धागा अभियान' का शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत सवाई माधोपुर जिले में चिन्हित परिवारों को निशुल्क सिलाई मशीन का वितरण और लाभार्थियों को जरूरत के अनुसार सिलाई कार्य आदि का प्रशिक्षण देने की पहल की जाएगी। डॉ. मीना ने 5 लाभार्थी परिवारों को सिलाई मशीन भेंटकर की अभियान की शुरुआत की। उन्होंने भारत निर्माण केन्द्र में मरम्मत तथा सीसी रोड निर्माण और समिति परिसर में टिनशेड, इन्टरलॉकिंग टाइल और शौचालय निर्माण कार्यों का लोकार्पण भी किया।

### दुर्घटनाओं में हताहत लोगों के प्रति संवेदना जताई

कृषि एवं आपदा राहत मंत्री डॉ. मीना ने उपस्थित लोगों का आभार जताते हुए कहा कि रविवार और सोमवार को प्रदेश में हुई दो सडक़ दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में लोगों के हताहत होने के दृष्टिगत वह अपने जन्मदिवस के अवसर पर कोई धूमधाम का आयोजन नहीं चाहते हैं और इस क्रम में उन्होंने रविवार रात को ही संदेश भिजवा दिया था। उन्होंने इन दुर्घटनाओं में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने कहा कि इन दुर्भाग्यजनक हादसों के कारण उन्होंने अपने जन्मदिवस के मौके पर फूलमालाएं और साफा आदि नहीं पहने।

### सादे आयोजन में विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास

डॉ. मीना ने राधाकृष्ण गोशाला में 'एक शाम गो माता के नाम' के रूप में आयोजित हवन और भजन संध्या कार्यक्रम में भागीदारी की और सादे आयोजन में जिले को करोड़ों रुपये लागत के विकास कार्यों की सौगात भी दी। उन्होंने कुल 107 करोड़ रुपये लागत से 63 किलोमीटर लम्बाई की सडक़ों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों का शिलान्यास तथा लगभग 32 करोड़ रुपये लागत से 15 किलोमीटर से अधिक लम्बाई की सडक़ों के मरम्मत और सुदृढ़ीकरण कार्यों का लोकार्पण किया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सडक़ों के सुदृढ़ीकरण, चौड़ाईकरण, सौन्दर्यकरण और निर्माण आदि विकास कार्यों की घोषणा राज्य बजट 2025-26 में की गई थी।

# प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियों के लिए बैठक का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** जिला बैरवा अधिकारी-कर्मचारी विकास संस्था द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियों हेतु बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष चिरंजी लाल बैरवा की अध्यक्षता में बैरवा धर्मशाला में किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि दिनेश कुमार बैरवा रहे। बैठक की शुरुआत जिला सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। बैठक में जिला मंत्री अनिल नागर ने बताया कि अधिक से अधिक भामाशाह बनाने हेतु संभावित सूची बनाई गई तथा घर- घर संपर्क करने हेतु भामाशाह टीम गठन करने का निर्णय लिया गया। टीम गठित



की गई 300 से अधिक सदस्य व 50 भामाशाह बनाये जा चुके है, साथ ही प्रतिभा सम्मान समारोह के पम्पलेट पूरे जिल़े हेतु जारी कर दिये गये। संस्था के कोषाध्यक्ष मदन लाल बैरवा द्वारा सदस्यता अभियान की प्रगति से अवगत कराया गया व समीक्षा की गई, जिसमें सदस्यता अभियान को गति प्रदान कर अधिक से अधिक सदस्य जोडऩे की चर्चा की गई। पंचायत प्रमुख की नियुक्ति की समीक्षा की गई एवं सभी पंचायत प्रमुखों को संस्था के सभी कार्यों में सहयोग करने पर चर्चा की गई, तहसील स्तर पर देवली-उनियारा, पीपलू एवं निवाई में तहसील अध्यक्ष द्वारा बैंक खाता खुलवाकर आगामी बैठक में प्रति प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

# प्रथमाचार्य शांति सागर महाराज के नाम पर टोंक में मार्ग का नाम रखे जाने की स्वीकृती प्रदान की

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** बीसवी सदी के प्रथमाचार्य शांति सागर महाराज के जन्म जयन्ति के शताब्दी समारोह के अवसर पर राजस्थान सरकार ने प्रथमाचार्य शांति सागर महाराज के नाम टोंक में मार्ग का नाम रखे जाने की स्वीकृती प्रदान की गई है। जानकारी के अनुसार जैन समाज ने मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार भजनलाल को टोंक में प्रथमाचार्य शांति सागर महाराज के नाम पर टोंक में मार्ग का नाम रखे जाने का अनुरोध किया था। जिस दौरान आयुक्त नगर परिषद टोंक के पत्र क्रमांक 9925 द्वारा मार्ग नामकरण का प्रस्ताव विभाग को भिजवाया जाने पर प्रशासनिक सुधार विभाग (अनुभाग-3) राजस्थान सरकार



जयपुर द्वारा गठित समिति के सदस्यों की बैठक में सर्वसम्मति से अनुमोदन के पश्चात जखीरा नर्सरी के सामने आयुष्मान हॉस्पिटल होते हुये एनएच-52 तक मुख्य सडक़ का नामकरण प्रथमाचार्य शांति सागर मार्ग के नाम से किये जाने की स्वीकृति प्रदान करने के उपरान्त जिला कलेक्टर टोंक द्वारा अब जखीरा नर्सरी के सामने आयुष्मान हॉस्पिटल होते हुये एनएच-52 तक मुख्य सडक़ का नामकरण प्रथमाचार्य शांति सागर मार्ग के नाम से किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिला प्रमुख सरोज बंसल द्वारा जिला कलेक्टर टोंक द्वारा जारी आदेश की प्रति सोमवार को आचार्य वर्धमान सागर महाराज के पिछी परिर्वतन समारोह जैन नसिया में आचार्य वर्धमान सागर महाराज को सौपा गया। इस आदेश के बाद जैन समाज टोंक में हर्ष की लहर दौड़ पड़ी है।

# दीवारें तोड़ीं, ताले काटे अब सलाखों के पीछे मोग्या गैंग

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले के ग्रामीण इलाकों में दीवारें तोडक़र और ताले काटकर हो रही चोरियों का आखिरकार पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। मोग्या गैंग के चार शातिर नकबजनों को सवाईमाधोपुर पुलिस की विशेष टीमों ने दौसा, करौली और टोंक जिलों से दबोच लिया। गिरोह ने सूरवाल, मलारना डूंगर, चौथ का बरवाड़ा, बौंली, कुण्डेरा, खण्डार और बहरावड़ा कलां थाना क्षेत्रों में डेढ़ दर्जन से अधिक वारदातें कबूल की हैं। पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल ने बताया कि आरोपी जोधा राम उर्फ चाच्या निवासी दूधिया बालाजी टोंक, इस गैंग का सरगना है। इसके खिलाफ चोरी, लूट व नकबजनी के 13 प्रकरण दर्ज हैं। मुकेश उर्फ सुमान और गुड्डा उर्फ देवीलाल मोग्या, रतनपुरा दौसा एवं रामफूल मोग्या, दूधिया बालाजी पक्का बंधा टोंक निवासी है। इनके खिलाफ चोरी, लूट और नकबजनी के कई मामले दर्ज हैं। दो अन्य बदमाशों की तलाश जारी है। उन्होंने बताया कि विशेष टीमों ने मवेशियों के ग्वाले बनकर गिरोह की गतिविधियों पर 15 दिन तक नजर रखी। इनके ठिकानों, आने-जाने के रास्तों और वाहनों की पहचान की गई।

# सभी अधिकारी विभागीय दायित्वों का ईमानदारी से करें निवर्हन: जिला कलेक्टर

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** आवश्यक सेवाओं बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा सहित सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु सोमवार को जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए विभागीय दायित्वों का निर्धारित समयावधि में ईमानदारी से निवर्हन करने के निर्देश दिए है। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत खोदी गई सडक़ों



की वर्तमान स्थिति एवं अंतिम छोर तक जलापूर्ति के संबंध में रिपोर्ट तैयार कर कलेक्ट्रेट कार्यालय भिजवाने के निर्देश अधीक्षण अभियंता बीएल मीणा को दिए। उन्होंने पण्डित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त ग्राम योजना के तहत विभागवार चयनित लाभार्थियों को पात्र योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करवाने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने रणथम्भौर रोड़ सहित बरसात से क्षतिग्रस्त हुई सभी सडक़ों का 15 नवंबर से पूर्व पेचवर्क कार्य पूर्ण करवाकर यातायात सुगम बनाने, एसडीआरएफ के तहत जिन सडक़ों पर कार्य किया जा रहा है उनकी सूची संबंधित उपखण्ड अधिकारियों को उपलब्ध करवाने के निर्देश अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग हरि सिंह मीणा को दिए। उन्होंने बीसलपुर, ईसरदा, कोटा बैराज बांध से पानी छोडऩे से पूर्व सूचना प्राप्त कर कन्ट्रोल रूम को अवगत करवाने के निर्देश जल संसाधन विभाग के अधिशाषी अभियंता अरूण शर्मा को दिए तथा जल निकासी के दौरान सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा सडक़ो पर अवरोधक लगाने के निर्देश प्रदान किए ताकि किसी प्रकार की कोई जनहानि न हो।

**15 करोड़ के विकास कार्यों का विधायक रामसहाय वर्मा व पालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी ने किया शिलान्यास**

# 'राज्य व केन्द्र सरकार ग्रामीण व शहर के विकास के लिए कटिबद्ध'

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** नगरपालिका द्वारा 15 करोड़ के विकास कार्यों का मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, जिला प्रमुख सरोज बंसल, भाजपा शहर अध्यक्ष नितिन छाबड़ा व संत रामकृष्ण वेदांती महाराज द्वारा शिलान्यास किया गया। मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि राज्य व केन्द्र सरकार ग्रामीण व शहर के विकास के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र सहित शहर में करोड़ों रूपए की लागत से कई विकास कार्य करवाएं जा रहे है। जिनका लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि शहर में 15 करोड़ रूपए के विकास कार्य किए जाएंगे। जिससे लोगों को कई



सुविधाएं मिलेगी। नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने कहा कि अति शीघ्र ही शहर में नए-नए विकास देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि भविष्य में रक्तांचल पर्वत पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामलला की करीब 80 फीट ऊंची मूर्ति का निर्माण करवाया जाएगा। ताकि शहर के किसी भी कोने से खड़े होकर भगवान राम के दर्शन कर सकें। उन्होंने मंच के माध्यम से शहर में करवाएं गए विकास कार्यों की आम जनता को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शहर में 15 करोड रूपए की लागत से खणदेवत रोड व इंदिरा कॉलोनी में सडक निर्माण कार्य, एफसीआई गौदाम से अलियाबाद मोड़ तक सडक़ चौड़ाई कार्य, 80 फीट रोड पर सेंट्रल पार्क निर्माण कार्य, कीर कॉलोनी व अर्जुन नगर की ओर सडक़ निर्माण कार्य किए जाएंगे। समारोह में मुख्य अतिथि कृषि मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीणा ने आम जनता को वीडियो कॉलिंग पर संबोधित कर विकास कार्य की प्रशंसा करते हुए बधाई दी। इस दौरान विधायक रामसहाय वर्मा व पालिका अध्यक्ष ने डॉ. किरोडीलाल मीणा को जन्मदिन की बधाई दी। कार्यक्रम में किलेश्वर मंदिर समिति के सदस्यों ने सभी अतिथियों को किलेश्वर महादेव की तस्वीर भेंट करके स्वागत किया। समारोह में रक्तांचल पर्वत पर सीढियां का निर्माण कार्य करने वाले राजमिस्त्रीयों व मजदूरों का मंच पर सम्मान किया गया व उपहार दिए गए। वही सीढियां का निर्माण करने वाले ठेकेदार घनश्याम शर्मा डाकोत को विधायक रामसहाय वर्मा व पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने उपहार स्वरूप एक्टिवा स्कूटी दी गई। इस दौरान अतिथियों द्वारा रत्तांचल पर्वत की तलहटी के नीचे पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन जयनारायण कुमावत द्वारा किया गया। इस अवसर पर पार्षद अंकित वर्मा, उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा, अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट, नटवाडा मंडल अध्यक्ष बद्री विजय, अरनियां मंडल अध्यक्ष शिवराज गुर्जर, डांगरथल मंडल अध्यक्ष केदार जाट, प्रमुख उद्योगपति ओपी गुप्ता, शंकरलाल पडियार, रामप्रसाद शर्मा, पार्षद गिर्राज जाट, रामचरण पारीक, कैलाश नटवाड़ा, रामफूल शर्मा, परसराम कुमावत, बाबूलाल सैनी, लालचन्द सैनी, मदनलाल वर्मा, रामविलास बलाई, शंकरलाल सैनी, मौला सेन, मोहित चंवरिया, नितेश बरवाडा, मनोज पाटनी, पृथ्वीराज टाटावत, सहायक अभियंता चन्द्रप्रकाश मीणा, कनिष्ट अभियंता चन्द्रप्रकाश चौधरी, कनिष्ट अभियंता पप्पूलाल मीणा व पवनकुमार वर्मा सहित कई पार्षद व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# घुमंतू नंदियों की धरपकड़ कर गोशाला भेजा



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही( नि.स. )।** नगर परिषद क्षेत्र में विचरण कर रहे नंदियों की धरपकड़ के लिए टीम गठित की गई है। आमजन को चोटिल करने की घटनाओं के मद्देनजर नगर परिषद ने अभियान चलाया है तथा नंदियों की धरपकड़ कर गोशाला में भिजवाया जा रहा है। प्रशासक एडीएम राजेश गोयल ने बताया कि आबादी क्षेत्र से नंदियों को पकड़ने तक अभियान जारी रहेगा। शहर में जहां कहीं भी नंदी विचरण करते हुए मिले तो नगर परिषद के स्वच्छता निरीक्षक को सूचना देने का आग्रह किया है। गठित दल ने तीन दिनों में दस नंदी गोशाला तक पहुंचाए हैं। वहीं, नंदियों पर रंग से निशान लगाए गए हैं, ताकि गोशाला से वापस बाहर आने पर पहचान की जा सके।

# सम्पर्क पोर्टल प्रकरण निस्तारण में राज्य में अव्वल रहा सिरोही

## जिला कलक्टर ने ली समीक्षा बैठक

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही( नि.स. )।** संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के निस्तारण में अक्टूबर माह में जिला की राज्यभर में प्रथम रैंकिंग पर रहा। जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी इसी तत्परता से काम करें तथा आगे भी दर्ज परिवादों का त्वरित निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाएं। वे सोमवार को डीओआईटी सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ले रही थीं।

उन्होंने विभागवार और ब्लॉकवार दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निस्तारण के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश दिए। कहा कि जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के निर्देशानुसार भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में हो रहे कार्यक्रमों को लेकर प्राप्त निर्देशानुसार कार्रवाई करने की बात कही। राष्ट्रगीत वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर 7 से 15 नवम्बर तक होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारी पर भी निर्देश दिए। इस दौरान फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा की। मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचंद्र अग्रवाल, सीपीओ सियाराम मीणा, वरिष्ठ लेखाधिकारी अंबिका राणावत, एडीपीसी कांतिलाल आर्य, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र नानीवाल, महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक अंकिता राजपुरोहित, समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक राजेन्द्र पुरोहित, एसीएफ जगदीश विश्नोई आदि मौजूद रहे।

# विद्यालयों में हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही( नि.स. )।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जनजाति गौरव वर्ष मनाया जा रहा है। इसके तहत विविध गतिविधियों आयोजित की जा रही है। जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के निर्देशानुसार सोमवार को सिरोही जिले के विद्यालयों में कार्यक्रम हुए। प्रार्थना सभा में बिरसा मुंडा की जीवनी पर जानकारी दी गई। विद्यार्थियों के लिए माध्यमिक शिक्षा के कुल 297 विद्यालयों में प्रतियोगिताएं हुई।

# नि:शुल्क एक्यूप्रेशर शिविर सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** उपभोक्ता सुरक्षा संगठन एवं पूज्य सिंधी पंचायत संस्थान सेक्टर 11-13 के सयुंक्त तत्वावधान में सिंधी समाज के लिये निशुल्क एकयुप्रेशर शिविर का झूलेलाल धाम, गोविन्द नगर सेक्टर 13 में आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता उपभोक्ता सुरक्षा संगठन उदयपुर जिला की महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ. अल्पना बोहरा ने एक्यूप्रेशर की मूल बातें और लाभ विषय पर बताया कि एक्यूप्रेशर एक अहिंसक एवं स्वयं से स्वयं की चिकित्सा पद्धति है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में नमस्ते करना और हाथ मिलाना जैसी परंपराएं भी एक्यूप्रेशर से जुड़ी हुई हैं। यह ऐसी चिकित्सा प्रणाली है जिसे कहीं भी, कभी भी अपनाया जा सकता है। डॉ. बोहरा ने समझाया कि हमारें हाथ हमारे पूरे शरीर का प्रतिनिधित्व करते हैं। यदि हाथ के बिंदुओं को समझ लिया जाए, तो शरीर के रोगों और उनके कारणों को भी समझा जा सकता है।उन्होंने बताया कि ताली बजाने से शरीर के सभी बिन्दू सक्रिय हो जाते हैं और इससे स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता है। कार्यक्रम में डॉ. बोहरा ने सिर दर्द, माइग्रेन, घुटनों के दर्द, हाई ब्लड प्रेशर के बारें में बताया।

# आरसीए पूर्व छात्र परिषद का 24 वां राष्ट्रीय सम्मेलन 16 को उदयपुर में

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** राजस्थान कृषि महाविद्यालय की पूर्व छात्र परिषद का 24 वां राष्ट्रीय सम्मेलन महाविद्यालय परिसर में 16 नवम्बर को आयोजित किया जायेगा। पूर्व छात्र संध के प्रवक्ता एवं संध के संयुक्त सचिव डॉ. दीपांकर चक्रवर्ती ने बताया कि आयोजन हेतु आज संघ के संरक्षक एचं आरसीए के अधिष्ठाता डॉ. मनोज महला की अध्यक्षता मे बैठक हुई। जिसमें संघ के पदाधिकारी सचिव डॉ. जगदीशलाल चैधरी,संयुक्त सचिव डॉ. दीपांकर चक्रवर्ती,कार्यकारिणी सदस्य,महेन्द्र यादव,डॉ. सुनील खण्डेलवाल,डॉ. छोटू लाल मीणा,डॉ. अनिल व्यास,डॉ.एन.एस. डोडिया,आदि मौजूद थे। डॉ. चक्रवर्ती ने बताया कि इस बैठक में निर्णय लिया गया कि सम्मेलन की थीम भाया में कृषि व्यवसाय का विकास एवं वृद्धि होगा। सम्मेलन में कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पूर्व छात्रों को नगद राशि से पुरूस्कृत किया जायेगा।

# मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री रेजीमेंट के पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान हेतु मिलाप रैली 6 नवम्बर को

**जयपुर, ( का.स. )।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, जयपुर द्वारा अभिलेख कार्यालय मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री रेजीमेंट से सेवानिवृत पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके परिजनों की पेंशन संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु मिलाप रैली का आयोजन दिनांक 6 नवम्बर 2025 को किया जा रहा है। यह रैली प्रात: 10 बजे से सैनिक विश्राम गृह (जिला सैनिक कल्याण कार्यालय), जयपुर में आयोजित होगी। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल प्रेम सिंह शेखावत ने बताया कि इस अवसर पर संबंधित विभागों एवं बैंकों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे, जो पेंशन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं जैसे अभिलेख सत्यापन, भुगतान प्रक्रिया, लंबित प्रकरणों के निस्तारण एवं आवश्यक परामर्श की सुविधा मौके पर उपलब्ध कराएंगे।

## गाँव-गाँव सांसद खेल महोत्सव-2025 का भव्य आगाज

# चारों विधानसभा क्षेत्रों में पहुंची सांसद मेवाड़, कहा- 'खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग, यह सर्वांगीण विकास में जरूरी'

## खिलाड़ियों की पीठ थपथपा कर सांसद मेवाड़ ने दिया स्नेह और प्रोत्साहन

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** सांसद खेल महोत्सव राजसमंद-2025 के अंतर्गत जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में खेल प्रतियोगिताओं का आगाज सोमवार को हो गया। सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ शुभारंभ करने के लिए एक ही दिन में जिले की सभी चारों विधानसभा क्षेत्रों में पहुंची और खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। गाँव-गाँव खेल को लेकर उत्साह ऐसा दिखा कि सितोलिया, रस्साकस्सी, खो-खो, वॉलीबॉल, कुश्ती, कबड्डी, फुटबॉल और हॉकी जैसी प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राएं उमड़ पड़े। सांसद मेवाड़ ने विभिन्न कार्यक्रमों में संबोधित करते हुए कहा कि जन मानस में खेल की संस्कृति विकसित हो, फिट इंडिया का नारा चरितार्थ हो उसके लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। हाल ही में भारत की महिला क्रिकेट टीम ने विश्व कप जीता है जो हमारे लिए गर्व की बात है। बच्चों के जीवन में खेल कूद बहत जरूरी है, पाठ्य पुस्तकों के साथ-साथ शारीरिक शिक्षा का अपना महत्व है। जब आप खेलेंगे, तो आप मजबूत होंगे। उन्होंने अपने सम्बोधन में बच्चों को खेल-कूद में भाग लेने और बड़ों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रमों में सांसद खेल महोत्सव के संयोजक महेंद्र सिंह खरंडिया, जिला खेल अधिकारी धर्मदेव सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक एवं माध्यमिक) सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

### यह है विस्तृत कार्यक्रम

उल्लेखनीय है कि जिले में सांसद खेल महोत्सव के तहत कार्यक्रम तीन चरणों में आयोजित किए जा रहे हैं। ग्राम स्तर पर प्रतियोगिताएं 3 से 5 नवम्बर 2025 तक आयोजित होंगी, इसके पश्चात ब्लॉक स्तर पर 10 से 12 नवम्बर 2025 तक खेलकूद कार्यक्रम होंगे। महोत्सव का अंतिम चरण संसदीय क्षेत्र स्तर पर 22 से 25 दिसम्बर 2025 तक संपन्न होगा। इन सभी चरणों का उद्देश्य ग्राम से लेकर संसदीय क्षेत्र तक प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना और खेल भावना को सशक्त बनाना है।

### सांसद ने किया शुभारंभ

कार्यक्रमों की शुरुआत नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र से हुई, जहां श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने प्रात: 10 बजे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, देलवाड़ा में खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे कुंभलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, लांबोडी में तथा दोपहर 2 बजे भीम विधानसभा क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कुंआथल में उद्घाटन कार्यक्रम संपन्न हुए। अंत में सायं 5 बजे राजसमंद विधानसभा क्षेत्र में वॉलीबॉल खेल मैदान, राजसमंद में आयोजित समारोह में सांसद ने भाग लेकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि खेल भावना, परिश्रम और टीमवर्क ही सफलता की कुंजी हैं। इन आयोजनों में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, विद्यालय परिवार, खेलप्रेमी एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

# क्रोशिया वर्कशॉप एवं एथिलीट सम्मान के साथ तीन दिवसीय 'स्वयं सिद्धा' प्रदर्शनी सम्पन्न

## शहर की महिलाओं ने खूब की खरीदारी, उत्पादों की जमकर हुई सराहना



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** लघु उद्योग भारती, मुख्य महिला इकाई उदयपुर के तत्वावधान में सोमवार को सोभागपुरा सौ फीट रोड़ स्थित शुभकेसर गार्डन में महिलाओं के लिये क्रोशिया वर्क शॉप,एथलीट सम्मान एवं महिलाओं के लिये मनोरंजन हेतु आयोजित तम्बोला के साथ ही तीन दिवसीय प्रदर्शनी स्वयं सिद्धा 2025 सम्पन्न हुई। अध्यक्षा सीमा पारिक एवं सचिव रेखा रानी जैन ने बताया कि प्रदर्शनी में देशभर से आयी महिलाओं की लगी 101 स्टॉल पर शहर की महिलाऐं ने जमकर खरीदारी की और उन उत्पादों की जमकर सराहना की। ये उत्पाद आत्मनिर्भर भारत की झलक को दिखाते है। महिला उद्यमियों ने अपनी प्रतिभा के हुनर को दिखाया। यहां पर आत्मनिर्भर भारत की झलक दिखायी दी। प्रदर्शनी में महिला उद्यमियों द्वारा तैयार किये गये उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। जिसमें से अनेक उत्पाद ऐसे थे जिन्हें थोड़ा सा रास्ता दिखे तो वे वैश्विक स्तर पर आत्मनिर्भर भारत की झलक दिखा सकें। अंतिम दिन उपासना दशोत्तर ने महिलाओं के लिये कोशिया की वर्कशॉप आयोजित की जिसमें महिलाओं ने क्रोशिया से विभिन्न प्रकार के उत्पाद बनाना सीखा। शाम को लघु उद्योग भारती की महिला इकाई द्वारा शहर के एथलीटों का सम्मान किया गया। प्रदर्शनी में देश भर की 101 महिला उद्यमियों ने अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगायौ। जिनमें प्रमुख रूप से हस्तशिल्प, हैंडमेड उत्पाद, पारंपरिक वस्त्र, ज्वेलरी, होम डेकोर और अन्य क्रिएटिव आइटम्स शामिल थे।

यह आयोजन न केवल व्यापारिक अवसरों का मंच बना, बल्कि नेटवर्किंग, ग्रोथ सेशंस और प्रेरणादायक सत्रों के माध्यम से महिलाओं के लिए नया मार्ग भी खोला।

# वैवाहिक समारोह में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा भेंट

## डॉ. आंबेडकर ने हमें शिक्षा, समानता और संविधान का मार्ग दिखाया – सरजीत बोपिया

### 'हर घर मिशन आंबेडकर' के तहत प्रेरणादायक पहल



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** पावटा ब्लॉक के ग्राम टोरड़ा गुजरान में एक वैवाहिक समारोह अनोखे और प्रेरणादायक संदेश का मंच बन गया। जहाँ आमतौर पर विवाह खुशियों और रस्मों तक सीमित रहता है, वहीं इस समारोह ने समाज में शिक्षा, समानता और संवैधानिक मूल्यों का संदेश दिया। शाहपुरा कस्बे की बुनकर कॉलोनी से आई बारात में दिल्ली पुलिस में सेवारत सरजीत बोपिया ने हर घर मिशन आंबेडकर के तहत दूल्हे मनिन्द्र नैनावत को डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा भेंट की। प्रतिमा भेंट करते हुए सरजीत बोपिया ने कहा, डॉ. भीमराव आंबेडकर ने हमें शिक्षा, समानता और संविधान का मार्ग दिखाया है। हर घर मिशन आंबेडकर का उद्देश्य यही है कि देश का हर परिवार महापुरुषों की विचारधारा से जुड़कर समाज में समानता और एकता का दीप जलाए। विवाह जैसे शुभ अवसर पर यह प्रतिमा नई पीढ़ी को विचारों की विरासत सौंपने का प्रतीक है। इस अवसर पर संवैधानिक विचार मंच के संस्थापक गीगराज जोड़ली, डॉ. आंबेडकर विचार मंच (कोटपूतली) के अध्यक्ष जगदीश मेघवाल, अंबेडकर मंच (कल्याणपुरा) के अध्यक्ष संजय कुमार, भीमराव आंबेडकर संस्थान (बोपिया) के अध्यक्ष विकास कुमार, कोटपूतली पार्षद उमेश आर्य, सामाजिक कार्यकर्ता बलवंत मीणा, शिक्षाविद् चिरंजीलाल आर्य, राजेश हाडिया, एडवोकेट संजू, मनोज थरानिया, मुकेश कुमार, ओपी बायला और अजय मेघवंशी (रामपुरा) सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उपस्थित जनों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में प्रेरणा का कार्य करते हैं और डॉ. आंबेडकर के विचारों को नई पीढ़ी तक पहुँचाने में मील का पत्थर साबित होंगे।

# पृथ्वी का प्रत्येक पौधा वाली हमारे मित्र हैं

## बायोस्फीयर संरक्षण के लिए मानव गतिविधि तय हो



बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर( यतेन्द्र पाण्डेय )।** मानव को पृथ्वी पर अवस्थित समस्त जीव-जन्तुओं और पौधों के साथ व्यवहार के सम्बन्ध में नैतिक दिशानिर्देश तय करने चाहिए, क्योंकि से सभी जीव हमारे स्वयं के जीवन के आवश्यक है, इसलिए पृथ्वी का प्रत्येक जीव व पौधा हमारा मित्र है। यह कहना है कृषि महाविद्यालय भुसावर के डीन डॉ. उदयभान सिंह का। डॉ सिंहअन्तर्राष्ट्रीय जैवमंडल आरक्षित दिवस के उपलक्ष में आयोजित सैमीनार में संभागियो को सम्बोधित कर रहे थे।

डॉ. उदय भान सिंह सहित अन्य वक्ताओ ने कहा कि कोर बायोस्फीयर में मानव गतिविधि नही हों या कम से कम से हों, वफर जोन में सीमित मात्रा में मानव गतिविधि हों तथा ट्रान्जिक्शन जोन में आर्थिक गतिविधि की जा सकती है। इस तरह बायोस्फीयर संरक्षण के लिए मानव गतिविधि तय होनी चाहिए ।

बायोस्फीयर के संरक्षण एवं विकास में संतुलन स्थापित किया जाना चाहिए। पृथ्वी का कोई भी पौधा या जीव बेकार नही है, हर जीव की हमारे पारिस्थिकी तंत्र के निर्माण में भूमिका है। इस अवसर पर डॉ. राहुल कुमार, डॉ. मोहित कुमार सहित समस्त कॉलेज स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

# घुमन्तु, अर्द्धघुमन्तु एवं विमुक्त परिवारों के लिए शिविर आज

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिला कलक्टर के निर्देशानुसार घुमन्तु, अर्द्धघुमन्तु एवं विमुक्त परिवारों को आवासीय भूखण्ड आवंटन करने, आबादी विस्तार के लंबित प्रकरणों का निस्तारण करने एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं में पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से ग्रामीण सेवा शिविर अभियान का आयोजन किया जा रहा है।राजसमंद पंचायत समिति के विकास अधिकारी महेश गर्ग ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत 4 नवम्बर को प्रात: 10 बजे से सायं 6 बजे तक राजसमंद पंचायत समिति परिसर में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किया जाएगा।

# बामन टुकड़ा टीम बनी विजेता, आरवाडा रही उपविजेता,सांसद खेल प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबला



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** सांसद खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत बामन टुकड़ा में आयोजित क्रिकेट मैच में दर्शकों को रोमांच से भर देने वाला मुकाबला देखने को मिला। बामन टुकड़ा और आरवाडा टीमों के बीच खेले गए इस मैच में शानदार खेल प्रदर्शन के साथ बामन टुकड़ा टीम विजेता रही, जबकि आरवाडा टीम दो विकेट से पराजित होकर उपविजेता बनी। खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खेल भावना का परिचय दिया। पूरे मैच में बॉलिंग और बैटिंग दोनों ही स्तरों पर कड़ा मुकाबला रहा। निर्णायक क्षणों में बामन टुकड़ा के खिलाड़ियों ने बेहतरीन संयम और टीमवर्क दिखाते हुए जीत अपने नाम की। कार्यक्रम में प्रशासक लहरीलाल दवे, पन्नालाल, अमिताभ, रविंद्र, मनीष, प्रकाश , प्रदीप, सांसद खेल महोत्सव प्रताप मंडल सह संयोजक हितेश दवे, कन्हैयालाल दवे, चतर्भुज दवे एवं शांतिलाल कुमावत सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# भैंसलाना के विकाश सिंह शेखावत ने इंटरनेशनल रिसर्च ओलंपियाड 2025 में एशिया स्तर पर हासिल किया दूसरा स्थान, गांव में हुआ सम्मान समारोह

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( नि.स. )।** भैंसलाना गाँव ने सोमवार को गर्व का पल देखा जब गाँव के होनहार युवा विकाश सिंह शेखावत, पुत्र अशोक सिंह शेखावत, ने इंटरनेशनल रिसर्च ओलंपियाड 2025 में एशिया टॉप फाइव में स्थान प्राप्त करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई। विकाश की इस सफलता का जश्न उनके निवास स्थान भैंसलाना में मनाया गया, जहाँ सामाजिक कार्यकर्ता धर्मसिंह भैंसलाना ने उन्हें दुपट्टा ओढ़ाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। इस मौके पर विकाश के परिजनों, ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाइयाँ दीं और गाँव का नाम रोशन करने पर गर्व जताया। विकाश के पिता अशोक सिंह शेखावत ने बताया कि इंटरनेशनल रिसर्च ओलंपियाड 2025 का ऑनलाइन पेपर 23 अक्टूबर को आयोजित हुआ था। इस परीक्षा में एशिया के अनेक देशों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें विकाश ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर एशिया स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया। सम्मान समारोह में सूबेसिंह द्वारिकपुरा, हरिपाल सिंह, रामजीलाल यादव, अशोक सिंह, धर्मपाल सिंह, कुलदीप सिंह, अजीत सिंह सहित कई गणमान्य ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि विकाश की यह सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और यह सिद्ध करती है कि ग्रामीण परिवेश में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं।

विकाश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और ग्रामवासियों के आशीर्वाद को दिया तथा भविष्य में देश का नाम ऊँचा करने का संकल्प व्यक्त किया।

# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में जयपुर जिले में 56.91 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग पूर्ण

**जयपुर, ( का.स. )।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 27 अक्टूबर 2025 को राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की घोषणा की गई है। इस कार्यक्रम के तहत 4 नवम्बर 2025 से 4 दिसम्बर 2025 तक बी.एल.ओ. द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं से परिगणना प्रपत्र भरवाने का कार्य किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मेघराज मीणा ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे परिगणना प्रपत्र भरने में बी.एल.ओ. का सहयोग करें तथा पिछले विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित जानकारी यथासंभव उपलब्ध कराएं, ताकि उनकी मैपिंग पूर्ववर्ती मतदाता सूची से की जा सके। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जयपुर जिले में अब तक 56.91 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग पूर्ण की जा चुकी है।

# मुख्यमंत्री के आदेशों की खुलेआम उड़ रही धज्जियां,सरकारी रास्ते से आदेश के बावजूद नहीं हट पा रहा अतिक्रमण

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** निंबाहेड़ा तहसील के बिनोता गांव से टाटरमाला जाने वाले सरकारी मार्ग पर असामाजिक तत्वों द्वारा वर्षों से किया गया अतिक्रमण आज तक नहीं हटाया जा सका है। इस संबंध में ग्रामीण परसराम कुमावत ने लोकायुक्त में शिकायत भी की थी। शिकायत के बाद प्रशासन ने 30 अक्टूबर 2025 को लिखित आदेश जारी कर 3 नवंबर को अतिक्रमण हटाने के लिए टीम गठित करने के निर्देश दिए थे। आदेश के अनुसार तहसीलदार घनश्याम झारवर ने निंबाहेड़ा से गिरदावर, पटवारी, पुलिस जाप्ता और विकास अधिकारी निंबाहेड़ा को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि सरकारी रास्ते से अतिक्रमण हटाकर आमजन को आवागमन की सुविधा दी जाए। इसके बावजूद, अधिकारियों की लापरवाही के कारण अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। गांव के लोगों का कहना है कि बिनोता से टाटरमाला जाने वाला यही एकमात्र सरकारी रास्ता है, जो राजस्व रिकॉर्ड में खसरा नंबर 1511 और 1515 के रूप में दर्ज है। अतिक्रमण के चलते ग्रामीणों और बच्चों को निजी जमीनों से होकर निकलना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है। तहसीलदार कार्यालय से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया था कि राजेश मेघवाल (भू-अभिलेख निरीक्षक, बाड़ी), संदीप सिंह (भू-अभिलेख निरीक्षक, गादोला), मनोज डागुर (पटवारी, बिनोता), प्रेम सिंह राजपूत (पटवारी, मिण्डाना) तथा पुलिस विभाग से पाँच पुरुष सिपाही और एक महिला पुलिसकर्मी को कार्रवाई में शामिल किया जाए। इसके अलावा, विकास अधिकारी पंचायत समिति निंबाहेड़ा को संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए थे। फिर भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया, जिससे प्रतीत होता है कि प्रशासन अतिक्रमणकारियों के आगे बेबस नजर आ रहा है। यही कारण है कि अतिक्रमण करने वालों के हौसले और बुलंद हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 'रास्ता खोलो अभियान' को प्रदेश में सफल बताते हैं, पर बिनोता गांव में यह सरकारी रास्ता अब तक नहीं खुल पाया है। आखिर अधिकारियों पर किसका दबाव है और वे किसके इशारे पर काम कर रहे हैं, यह बड़ा सवाल है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो वे इस मामले को उच्च स्तर पर उठाएंगे। अब देखना यह होगा कि बिनोता से टाटरमाला जाने वाला यह सरकारी मार्ग कब तक अतिक्रमण मुक्त होता है।




### अधिकारियों के बयान

-मेरे पास कोई लिखित आदेश नहीं आया है, इसलिए पुलिस जाप्ता नहीं भेज सका।
**संजय शर्मा, थाना अधिकारी, निंबाहेड़ा सदर**

पुलिस जाप्ते के लिए मैंने उपखण्ड अधिकारी को पत्र लिखा था।
**घनश्याम झारवर, तहसीलदार, निंबाहेड़ा-**

पुलिस जाप्ता उपलब्ध नहीं होने के कारण आज कार्रवाई नहीं हो सकी। अगली बार जाप्ता उपलब्ध होगा तो कार्रवाई की जाएगी।
**श्रीराम मीणा, ग्राम विकास अधिकारी, बिनोता**

## 11 साल पुराने सीसीटीवी चोरी केस में फैसला, दो दोषी करार

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** निंबाहेड़ा अदालत ने 11 साल पुराने सीसीटीवी कैमरा चोरी मामले में बिजली विभाग के तकनीशियन सागरमल और रिटायर्ड यूडीसी महेश चंद्र को दोषी ठहराया। अदालत ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बजाय 10-10 हजार रुपए जमानत राशि जमा करने का आदेश दिया। साथ ही, दोनों को पीड़ित को तीन-तीन हजार रुपए मुआवजा के रूप में देने के निर्देश दिए। यह मामला दिसंबर 2014 में निंबाहेड़ा की एक दुकान से सीसीटीवी चोरी का था। करीब 10 साल चली सुनवाई में 7 गवाहों के बयान और 10 दस्तावेजी साक्ष्य पेश हुए। अदालत ने कहा कि अपराध गंभीर श्रेणी का नहीं है, इसलिए उम्र और सेवा पृष्ठभूमि को देखते हुए दोनों को सशर्त राहत दी गई। इस फैसले के साथ 11 साल पुराने मामले पर आखिरकार अदालत की मुहर लग गई। अदालत ने यह भी कहा कि सरकारी कर्मचारी होने के बावजूद आरोपियों ने अनुचित कार्य किया, जो सेवा नैतिकता के विपरीत है। अदालत के इस आदेश से यह संदेश गया है कि चाहे मामला कितना भी पुराना क्यों न हो, न्याय अवश्य मिलता है।

## ब्यावर स्टेशन पर रिजर्वेशन का 'रिजर्व' टाइम, जनरल विंडो बने 'जनरल प्रॉब्लम' की वजह

बढ़ता राजस्थान




**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** रेलवे प्रशासन की अनोखी व्यवस्था का नमूना ब्यावर स्टेशन पर इन दिनों देखने को मिल रहा है पिछले दो महीने से दोपहर 2 बजे के बाद रिजर्वेशन काउंटर बंद हो जाता है और फिर जनरल टिकट विंडो से रिजर्वेशन देने की महान जिम्मेदारी सौंपी जाती है अब दिक्कत ये कि जब तक जनरल टिकट वाले यात्रियों की भीड़ खत्म नहीं होती, तब तक रिजर्वेशन कराने वाले काउंटर की दीवार निहारते रहते हैं लोग कहते हैं ट्रेन छूट जाती है, पर टिकट नहीं मिलता! यात्रियों का सवाल भी वाजिब है आखिर ब्यावर प्रशासन की यह कैसी व्यवस्था है? किसे दोष दें? रिजर्वेशन वाला परेशान, अधिकारी बेफिक्र, और जनता हतप्रभ। लोगों का कहना है कि अगर यही हाल रहा तो ब्यावर स्टेशन का नाम बदलकर 'धैर्य धाम' रख देना चाहिए क्योंकि यहां टिकट पाने से पहले धैर्य की परीक्षा देनी पड़ती है। कब होगा सुधार? या यूँ ही चलेगा यह तो अब समय ही बताएगा ।

## भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी पर निबंध, भाषण प्रतियोगिता आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बापू नगर में आज भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी पर निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सचिव स्काउट गाइड स्थानीय संघ भीलवाड़ा एवं योग शिक्षक लक्ष्मी नारायण जोशी मुख्य अतिथि रहे, जबकि प्रधानाचार्य प्रेम शंकर जोशी ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम में व्याख्याता एम. कोडिस ने परिणाम घोषित करते हुए बताया कि निबंध प्रतियोगिता में साक्षी प्रजापत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं भाषण प्रतियोगिता में प्रिया सोनी प्रथम रहीं। प्रधानाचार्य प्रेम शंकर जोशी ने भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम और आदिवासी समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में अजय कुमार जैन, सुनीता जोशी और सुधा जाट का विशेष सहयोग रहा।

## गीता जयंती पर अनमोल प्रवचन और गीता ज्ञान की बहेगी धारा, बैनर-पोस्टर का विमोचन




बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा, (अमित शर्मा) ।** श्री रामधाम रामायण मंडल ट्रस्ट ने आगामी गीता जयंती को विशाल और भव्य स्तर पर मनाने की तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी हैं। सोमवार को इस विशाल आयोजन से संबंधित बैनर और पोस्टर का विमोचन किया गया, जिसके साथ ही कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार का शंखनाद हो गया है। प्रवक्ता गोविंद प्रसाद सोडाणी ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से आयोजित इस महोत्सव में मुख्य आकर्षण होंगे स्वामी अनंत देव के ओजस्वी प्रवचन, जो गीता के गूढ़ ज्ञान को आम जनमानस तक पहुंचाएंगे। इसके साथ ही, महोत्सव की अवधि के दौरान प्रतिदिन श्रद्धाभाव से गीता पाठ किया जाएगा, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाएगा। उधर गीता जयंती की तैयारियों के बीच, राम धाम में पिछले चार माह से चल रहे चातुर्मास का भी सोमवार को मंगलमय समापन हुआ। पंडित सुशील शुक्ला ने विधि-विधान से हवन-कीर्तन के साथ इस पवित्र काल को पूर्ण कराया। गौरतलब है कि पिछले चार महीनों से रामधाम में निवास कर रहे स्वामी अच्युतानंद ने अपने ज्ञानवर्धक प्रवचनों से शहरवासियों को निरंतर निहाल किया। चातुर्मास के समापन के उपरांत वे अब बूंदी के लिए रवाना हो गए हैं, जहां वे धर्म-प्रचार का कार्य जारी रखेंगे।

## भारत को जानो प्रतियोगिता में भीलवाड़ा का परचम लहराया,बाल प्रतिभाओं ने किया नगर का नाम रोशन



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा, (अमित शर्मा) ।** भारत विकास परिषद् द्वारा आयोजित रीजनल स्तर की भारत को जानो प्रतियोगिता (कनिष्ठ वर्ग) में राजस्थान मध्य प्रांत की प्रतिनिधि टीम सेंट्रल एकेडमी स्कूल शास्त्री नगर, भीलवाड़ा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टीम का नेतृत्व भारत विकास परिषद् वीर शिवाजी शाखा के प्रकल्प प्रभारी आदित्य व्यास ने किया। प्रतिभागी दर्शील पांडे एवं सिद्धी केसवानी ने अपने ज्ञान, आत्मविश्वास और श्रेष्ठ प्रस्तुति से भीलवाड़ा का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता उपरांत टीम के भीलवाड़ा लौटने पर रेलवे स्टेशन पर भारत विकास परिषद् के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा बालकों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

## हजरत दीवाना शाह दरगाह कपासन में हुआ सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (नि.स.)।** मंसूरी एजूकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी उदयपुर के तत्वावधान मे दरगाह हजरत दीवाना शाह साहब र.अ. परिसर में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। मंसूरी एजिकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी सचिव जाहिद मो. मंसूरी ने बताया कि दीवाना शाह दरगाह शरीफ स्थित अहमद कबीर मंजिल मे रविवार प्रातः मौलाना अंसारूल हक की तिलवाते कलामे पाक के बाद दीवाना शाह माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं ने नात शरीफ पेश की।इस दौरान महमाने खुसुसी हाजी लतीफ मंसूरी आरको अध्यक्ष मंसूरी पंचायत संस्था राजस्थान जयपुर एवं अजय एस. मेहता,ट्रस्टी रमा मेहता चेरिटेबल ट्रस्ट उदयपुर द्वारा बालिका शिक्षा एवं बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं के प्रेरित किया गया। सोसायटी सदर अब्दुल लतीफ मंसूरी (कुवैत) ने महमाने खुसुसी,आजाद हुसैन मंसूरी पूर्व उपसरपंच सांवलियाजी,दरगाह वक्फ कमेटी नायब सदर मो. यासीन खां अशरफी,मास्टर अल्लाह बेली मंसूरी, हेमराज भाटी रिटायर्ड सचिव सेवा मंदिर उदयपुर, मास्टर मो. खां मंसूरी,सदर मंसूरी समाज कपासन एवं वक्फ कमेटी सदस्य सैयद अख्तर अली बुखारी का शॉल ओढ़ाकर इस्तकबाल किया गया।मो. सईद काजी,हाफिज आदिल रजा,हाफिज मो. खतीब, पेश ईमाम मस्जिद मंसूरियान ने तीनो जोड़ो को इजाब कबूल करा खुतबा पढ़ दुआ की तथा हाजी मो. सईद काजी की मिलाद पार्टी ने नातो,मनकबत व सेहरा पढ़ा।इस दौरान कार्यक्रम संचालन दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद अब्बास अशरफी द्वारा किया गया। सोसायटी के खजांची मो. यूसुफ मंसूरी इंजिनियर ने बताया कि प्रत्येक जोड़े को 21,000 हजार रू. का चेक तथा समाजजनो द्वारा सिलाई मशीन इत्यादि व उपहार भेंट किये।सोसायटी सदर अब्दुल लतीफ मंसूरी ने आभार व्यक्त किया तथा सलातो सलाम पर सम्मेलन का इख्तेताम हुआ।

## बनाकियाखुर्द विद्यालय में शिक्षाधिकारी कपासन ने निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (नि.स.)।** राज्य स्तरीय योजना प्रखर 2.0 का सोमवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बनाकियाखुर्द में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कपासन गोपाललाल शर्मा द्वारा निरीक्षण किया गया।साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन एवं स्वच्छता संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये। राजकीय विद्यालय बनाकियाखुर्द प्रधानाध्यापक हजारीलाल रेगर ने बताया कि निरीक्षण दौरान मुख्य शिक्षाधिकारी गोपाललाल शर्मा द्वारा विद्यार्थियो को प्रेरक प्रसंग,जीवन व समाज उपयोगी शिक्षा प्रदान करने के निर्देश दिये गये।साथ ही भोजन की गुणवत्ता जांची तथा विद्यालय खेल मैदान एवं रसोईघर में रखी समस्त खाद्य सामग्री सहित शिक्षा अधिकारी गोपाललाल शर्मा द्वारा लाइब्रेरी,कैश बुक,ऑनलाइन पोर्टफोलियो फाइल में प्रखर 2.0 उपस्थिति तथा विद्यालय परिसर में स्वच्छता का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये। इस दौरान राज्य सरकार की महत्ती योजना प्रखर 2.0 के तहत प्राथमिक कक्षा प्रखर प्रभारी हेमलता दाधीच के साथ बीज,अंकुर,पुष्पन एवं फलन सहित चार स्तर के छात्र-छात्राओं के शैक्षिक स्तर को परखा व विद्यार्थियो से ग्रीन बोर्ड पर अभ्यास कराया।साथ ही उच्च प्राथमिक स्तर की कक्षाओं के प्रखर 2.0 प्रभारी सुनील खरवास के साथ शिक्षाधिकारी शर्मा ने कक्षा स्तर की जांच के साथ विद्यार्थियो से पढने-लिखने एवं श्रुति लेख का अभ्यास कराया गया।इस मौके पर श्यामलाल भील,दिलीप सिंह गहलोत,शिक्षिका सुप्रिया राव आदि उपस्थित रहे।

## जिला कलेक्टर ने गणना प्रपत्र वितरण प्रक्रिया का किया निरीक्षण ,सरल, सुलभ और समयबद्ध पुनरीक्षण के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल) ।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम -2026 के अंतर्गत सोमवार जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कमल राम मीना ने गणना प्रपत्र वितरण प्रक्रिया का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गणना प्रपत्र भरवाने का यह चरण सरल, सुलभ और समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए, ताकि मतदाता सूची के परिशोधन में पारदर्शिता बनी रहे निर्वाचन आयोग के कार्यक्रमानुसार, आज 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र की दो प्रतियां वितरित करेंगे और मतदाताओं को भरने में सहायता करेंगे। यह चरण चुनावी शुद्धता और मतदाता सूची सत्यापन का निर्णायक चरण माना जा रहा है जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नया गणना प्रपत्र अब एक पृष्ठ का और सरल स्वरूप में तैयार किया गया है, जिसमें मतदाता का नाम, ईपीआईसी नंबर, पता और भाग क्रमांक पहले से अंकित रहेगा मतदाता को केवल आवश्यक जानकारी भरकर पासपोर्ट साइज फोटो संलग्न करनी होगी, जिसे बाद में बीएलओ श्वष्टद्बह्रश्वञ्ज एप पर अपलोड करेंगे सभी बीएलओ का द्वितीय प्रशिक्षण (ब्रीफिंग) आयोजित किया गया, जिसके उपरांत गणना प्रपत्रों का वितरण किया गया। ब्यावर में वितरण अंबेडकर भवन, जैतारण में पंचायत समिति कार्यालय, तथा मसूदा में डायट कार्यालय में संपन्न हुआ। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह, तहसीलदार हनुत सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। निर्वाचन अधिकारी के अनुसार, वर्तमान मतदाताओं की विगत एसआईआर सूची से मैपिंग प्रक्रिया जारी है, जिससे दस्तावेज़ संलग्न करवाने की आवश्यकता न्यूनतम रहेगी।

### वर्द्धमान परिवार ने किया सम्मान, ब्यावर हुआ गौरवान्वित

## वर्द्धमान की बेटी आर्ची पाखरोट ने कजाकिस्तान में लहराया परचम

बढ़ता राजस्थान




**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** शिक्षा, संयम और संस्कार के साथ जब खेलों में भी प्रतिभा जुड़ जाए, तो परिणाम होता है गौरव और प्रेरणा का नया अध्याय वर्द्धमान शिक्षण समिति, ब्यावर के शिक्षण संस्थानों ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिखाया है।भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल की पूर्व छात्रा आर्ची पाखरोट ने कजाकिस्तान में आयोजित एशियन कज्जाख कुश्ती प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर भारत का नाम रोशन किया अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यह उपलब्धि केवल आर्ची की नहीं, बल्कि पूरे वर्द्धमान परिवार और ब्यावर नगर के लिए गर्व का विषय बन गई ब्यावर लौटने पर आर्ची पाखरोट का वर्द्धमान परिसर के सभागार में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया समिति के मंत्री डॉ. नरेंद्र पारख ने इस अवसर पर कहा,यह संपूर्ण वर्द्धमान परिवार के लिए गौरवशाली पल है। हमारे शिक्षकों, कोचों और संस्थान के आधुनिक सुविधाओं का यही परिणाम है कि हमारे विद्यार्थी शिक्षा के साथ खेलों में भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम कमा रहे हैं।" कार्यक्रम में आर्ची का माला, साफा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया साथ ही, उनकी माताजी ममता पाखरोट का भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर समिति के मंत्री डॉ. नरेंद्र पारख, कोषाध्यक्ष देवराज लोढ़ा, सहमंत्री सुनील कुमार ओस्तवाल, प्रकाश गदिया, रमेशचंद मेडतवाल, प्रवीण खेतपालिया, दीपचंद कोठारी, दुलराज मकाना, उत्तमचंद देरासरिया, सदस्य वैभव सुखलेचा, विशाल नाहटा (चेन्नई), वर्द्धमान कन्या पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आर.सी. लोढ़ा, समिति प्रबंधक नेहा जैन, स्कूल प्राचार्य धर्मेंद्र शर्मा, उप प्राचार्या सुनिता चौधरी और कोच गौतम चौहान उपस्थित रहे।

# सांसद सी.पी. जोशी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में कपासन एवं भादसोड़ा में भाजपा करेगी विभिन्न सेवा कार्यों का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (नि.स.)।** भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय सांसद सी.पी. जोशी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भाजपा ग्रामीण मण्डल भादसोड़ा एवं नगर मंडल कपासन द्वारा विभिन्न सेवा कार्यों का आयोजन किया जायेगा। भाजपा नगर मंडल महामंत्री एवं पूर्व नपा अध्यक्ष गजेंद्र बाघमार ने बताया कि भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद सी.पी. जोशी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भाजपा नगर मंडल द्वारा 3 व 4 नवंबर को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उक्त कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत योजना एवं सामाजिक सेवा कार्यों के प्रति समर्पण को प्रतिबिंबित करेगा।यहां सांसद जोशी के जन्मदिवस पर 3 नवंबर सोमवार को नगर के मुख्य मार्ग स्थित जेलेश्वर गोशाला में स्वच्छता अभियान एवं गौमाता को हरी घास एवं गुड़ खिलाकर गौसेवा की गयी। इधर क्षेत्रीय सांसद एवं पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के जन्मदिवस के उपलक्ष में भाजपा ग्रामीण मण्डल भादसोड़ा द्वारा तीन दिवसीय सेवा कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।जिसमें रविवार को श्री हनुमान मंदिर पर साफ-सफाई कर ध्वजा चढ़ाई गयी।इस दौरान जिला परिषद सदस्य कैलाश जाट,पूर्व मण्डल अध्यक्ष विजय सिंह चौहान,रमेश चण्डालिया,अशोक अग्रवाल,गोविन्द सोनी,सूर्यप्रताप सिंह,बाबूलाल माली,रूपेश तुसावड़ा,पवन तिवारी,विमल अग्रवाल,हरीश तलेसरा,युवा सामाजिक कार्यकर्ता राधे सुथार, दीपक जोशी,कैलाश गाडरी,कोमल जाट,संजय बोहरा,दिलीप बोहरा आदि भाजपा कार्यकता उपस्थित रहे।

# गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने नगर पालिका बैठक की अध्यक्षता कर लिए ऐतिहासिक निर्णय

## स्वच्छ नगर-सुंदर नगर का दिया स्पष्ट संदेश, नगर के विकास को नई दिशा

### सड़कें महाराजा अग्रसेन और सरदार पटेल के नाम पर समर्पित

बढ़ता राजस्थान

**डीग/भरतपुर (नि.स.)।** राजस्थान सरकार के गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने सोमवार को नगर पालिका, नगर में आयोजित साधारण सभा की अध्यक्षता की। इस ऐतिहासिक बैठक में, बेढ़म ने नगर के विकास और गौरव को समर्पित कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगाई, जिनमें दो प्रमुख मार्गों का नामकरण और कस्बे की स्वच्छता को लेकर निर्देश देना शामिल रहा।

**डाक बंगला मार्ग अब सरदार वल्लभ भाई पटेल मार्ग**

एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में, नगर-डीग सड़क से डाक बंगला की ओर जाने वाली सड़क को ष्सरदार वल्लभ भाई पटेल मार्गष् नाम दिया गया। इस प्रस्ताव को भी सदन ने पूरी सहमति से पारित किया। यह राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रतीक लौह पुरुष को श्रद्धांजलि देने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

**गृह राज्य मंत्री ने की नगरपालिका साधारण सभा की अध्यक्षता**

जवाहर सिंह बेढ़म ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी पार्षदों और अधिकारियों से कस्बे के विकास पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि नगरपालिका का हर निर्णय जन-भावना और क्षेत्र के समग्र विकास को केंद्र में रखकर लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य नगर को एक स्वच्छ, सुंदर और आदर्श कस्बे के रूप में स्थापित करना है।

**महाराजा अग्रसेन के नाम पर समर्पित हुई मुख्य बाजार सड़क**

बैठक में गृह राज्य मंत्री ने नगर-डीग सड़क से मुख्य बाजार की ओर जाने वाले प्रमुख मार्ग का नामकरण ष्महाराजा अग्रसेन मार्गष् करने का प्रस्ताव रखा। साधारण सभा ने इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित कर दिया। यह निर्णय सभी समाजों और व्यापारियों की लंबे समय से चली आ रही मांग का सम्मान है।

**स्वच्छ नगर, सुंदर नगरश् के लिए दिए स्पष्ट निर्देश**

बेढ़म ने बैठक के दौरान कस्बे में व्याप्त गंदगी, जलभराव और सफाई व्यवस्था पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को कस्बे में तत्काल व्यापक सफाई अभियान चलाने, गंदे पानी की निकासी सुनिश्चित करने और कचरा संग्रहण के लिए ठोस कार्ययोजना लागू करने के निर्देश दिए।




**महापुरुषों का सम्मानरूएक ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी पहल**

नगर में नामकरण की यह प्रक्रिया केवल एक औपचारिक बदलाव नहीं, बल्कि एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायी पहल है। गृह राज्य मंत्री की सकारात्मक मंशा स्पष्ट है कि इन मार्गों से गुजरने वाली युवा पीढ़ी और नागरिक, प्रतिदिन इन महापुरुषों के आदर्शों का स्मरण करें। यह निर्णय भावी पीढ़ी को महाराजा अग्रसेन जी के समाजवाद और सरदार पटेल जी की राष्ट्रीय एकता के सिद्धांतों से जोड़ने का एक जीवंत प्रयास है।

## जब गृह राज्य मंत्री का काफिला रुका और स्कूल बस में गूंज उठे हंसी के ठहाके

गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने बच्चों संग 15 किमी किया सफर, बांटी मिठाईयां सादगी और वात्सल्य की पेश की एक अविस्मरणीय मिसाल



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** राजनीति की व्यस्त दिनचर्या और प्रोटोकॉल से परे, सोमवार को गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म का एक अत्यंत सहज, सरल और वात्सल्यपूर्ण रूप देखने को मिला। एक आधिकारिक कार्यक्रम में जा रहे श्री बेढ़म ने जब रास्ते में एक स्कूल बस देखी, तो वे खुद को रोक नहीं पाए। उन्होंने तुरंत अपना काफिला रुकवाया और बच्चों से मिलने के लिए सीधे स्कूल बस में जा बैठे। यह अप्रत्याशित क्षण उन स्कूली बच्चों के लिए एक अविस्मरणीय स्मृति बन गया।

**सादगी की मिसालरूकाफिला छोड़ बच्चों की बस में हुए सवार**

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म अपने निर्धारित कार्यक्रम के लिए जा रहे थे। तभी उनकी नजर सड़क से गुजर रही एक स्कूल बस पर पड़ी। बच्चों को देखकर, उन्होंने अपनी गाड़ी रुकवाई और बिना किसी औपचारिकता के बस में सवार हो गए। मंत्री को अचानक अपने बीच पाकर बच्चे पहले तो आश्चर्यचकित हुए, लेकिन अगले ही पल बस का माहौल ठहाकों और खुशी से गूंज उठा।

**बच्चों के जवाहर अंकल ने बांटी मिठाई, जीता दिल**

बेढ़म बच्चों के बीच एक मंत्री के तौर पर नहीं, बल्कि एक अभिभावक की तरह बैठे। उन्होंने बच्चों से एक-एक कर उनका नाम पूछा और अपने हाथों से सभी को मिठाई खिलाई। बच्चे भी अपने श्जवाहर अंकलश् का यह प्रेम पाकर बेहद खुश नजर आए। बच्चों ने भी उन्हें तुरंत पहचान लिया और जवाहर सिंह बेढ़मष कहकर उनका अभिवादन किया।

**क्या बनोगे?, फेवरेट नेता कौन? बच्चों से आत्मीय संवाद**

गृह राज्य मंत्री ने करीब 10 से 15 किलोमीटर का सफर बस में ही तय किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से उनकी पढ़ाई-लिखाई के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बच्चों से पूछा कि वे बड़े होकर क्या बनना चाहते हैं, जिस पर किसी ने ष्आईएएसष् तो किसी ने ष्सरपंचष् बनने की इच्छा जताई। श्री बेढ़म ने इस दौरान बच्चों के साथ अपने बचपन के अनुभव भी साझा किए और उन्हें खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया। गृह राज्य मंत्री का यह सहज और आत्मीय व्यवहार यह दर्शाता है कि उनके दिल में बच्चों और देश के भविष्य के प्रति कितना गहरा स्नेह है। यह घटना सिर्फ एक खबर नहीं, बल्कि इस बात की मिसाल है कि एक जनप्रतिनिधि का अपनी भावी पीढ़ी के साथ कितना गहरा और सच्चा जुड़ाव होना चाहिए। यह 15 किलोमीटर का सफर, बच्चों की हंसी और एक मंत्री की सादगी, जनसेवा की एक श्आत्मीयता की मिसालश् के रूप में हमेशा याद की जाएगी।

## सहारई नंदी गुड्डू के निधन पर ग्रामीणों ने धूमधाम से अंतिम यात्रा निकाल कर विधिवत किया अंतिम संस्कार

बढ़ता राजस्थान



**डीग (नि.स.)।** डीग के गांव सहाराई में एक नंदी का निधन हो जाने पर सोमवार को गांव वासियों ने गुड्डू नामक उक्त नंदी के शव को ट्रैक्टर के साथ बुग्गी में रख कर फूल मालाओं से सजा कर बैंड बाजो के साथ गांव में विधिवत अंतिम यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में गांववासी शामिल हुए। इस दौरान रास्ते में गांववासियों ने जगह जगह उसके शव के दर्शन कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उसे अंतिम विदाई दी गई। इसके बाद गांव में भोलेबाबा के मंदिर के पास भूमि में गड्ढा खोद कर उसका विधिवत अंतिम संस्कार किया गया। ग्रामीणों ने बताया है कि मृत नंदी गुड्डू का विधिवत ब्रह्म भोज आयोजित कर उसमें प्रसादी के लिए साधु संतों गांववासियों सहित आस पास के गावों के लोगों को आमंत्रित किया जावेगा। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से धर्मवीर सिंह, रामेश्वर ओमप्रकाश मास्टर, जोतराम मास्टर नाथूराम, बंटी, चंदन, वेदवीर रिंकू, जियालाल, अनोखे पंडित पूरन, महाराज सिंह, भीम सिंह योगेश विजेंदर, नीतू मेंबर सहित अन्य ग्रामवासी शामिल थे।

## भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर जनजातीय गौरव वर्ष के तहत लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जन-जन तक पहुंचा लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में प्रदेशभर में भगवान बिरसा मुंडा जयंती के उपलक्ष्य में 1 से 15 नवम्बर तक जनजातीय गौरव वर्ष के तहत विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रारम्भ हुई है। राज्य सरकार द्वारा यह आयोजन भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों, संघर्ष और योगदान को जन-जन तक पहुँचाने के साथ-साथ समाज के वंचित वर्गों को योजनाओं का लाभ पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देशानुसार रविवार को जिले के सभी उपखण्डों में लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया गया।

## सागौर गांव में जलभराव की समस्या, ग्रामीणों ने महिलाओं के साथ सौंपा ज्ञापन

गांव पुरा वसई के ग्रामीणों ने स्कूल के क्षतिग्रस्त भवन को दुरुस्त करने की रखी मांग

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** उपखंड के सागौर गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने महिलाओ के साथ सोमवार को उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी को ज्ञापन सौंपते हुए गांव में जल भराव की समस्या के समाधान की मांग की। सागौर गांव के रामेश्वर सिंह, ब्रजमोहन मीणा, पवन मीणा, कल्याण मीणा, जीतू मीणा, मोतीराम, हीरालाल, ममता मीणा सहित दर्जनों लोगों ने उपखंड अधिकारी को अवगत कराया कि गांव सागौर में मुख्य रास्ते में जलभराव की समस्या बनी हुई है इससे रास्ता निकालना मुश्किल हो रहा है। वही आगनबाड़ी की बिल्डिंग तो इतनी जर्जर है ही पांच साल से बंद पड़ी है। मामले को लेकर ग्रामीण पूर्व में ग्राम पंचायत के सरपंच, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों को कई बार अवगत करा चुके हैं लेकिन समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। ऐसे में स्कूल को आने जाने वाले बच्चे और उनके अध्यापक कई बार सड़क पर भरे गंदे पानी में फिसल का गिर चुके हैं। ग्रामीण महिलाएं और आंगनवाड़ी में पढ़ने वाले बच्चे भी परेशान हो रहे है। उक्त समस्या के समाधान के लिए गांव में एक नाला बनना जरूरी है। जिसमें गंदे पानी की निकासी हो सके। ऐसे में उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देते हुए मामले के समाधान की मांग की है। वही दूसरी ओर ग्राम पंचायत उमरेह के गांव पुरा बसई के ग्रामीणों में आजाद समाज पार्टी के बैनर तले उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंप गांव के विद्यालय की छत एवं दीवारों के मरम्मत करने की मांग की है। गांव के आजाद समाज पार्टी से जुड़े पदाधिकारी सरदार सूरज सिंह एवं रामनाथ, प्रेमसिंह, मनोज, मिथुन, महावीर, रतन सिंह, रमेश, सियाराम, शिवसिंह, मांगीलाल, आशा, नारायण सिंह आदि ने ज्ञापन के माध्यम से उपखंड अधिकारी को बताया कि विद्यालय की छत की पट्टियां टूटी पड़ी है। दीवारें दरक रही है। ऐसे में विद्यालय का भवन कभी भी धराशाई हो सकता है। जिसको लेकर उसमें पढ़ने वाले बच्चों का जीवन संकट में है। ऐसे में उक्त विद्यालय भवन का या तो पूरा ही नवीन निर्माण कराया जाए या अच्छे तरीके से मरम्मत की जाए। जिससे स्कूली बच्चों को किसी प्रकार की कोई खतरा नहीं है।

## शादी में खाने पर विवाद, फायरिंग में एक की मौत

दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पथराव किया 6 घायल हॉस्पिटल में भर्ती, पुलिस फोर्स तैनात

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** डीग जिले में एक शादी के समारोह में खाने को लेकर हुआ विवाद बढ़ गया। घटना के 2 दिन बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पथराव किया, जिसके बाद हुई फायरिंग में एक युवक की मौत हो गई। 6 घायल हो गए, जिनका हॉस्पिटल में इलाज जारी है। घटना पहाड़ी थाना इलाके के बोड़ोली गांव में आज दोपहर करीब 2 बजे की है। पुलिस ने मृतक चंदन सैनी के शव को मॉर्च्युरी में रखवाया है। वहीं मामले में आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**थानाधिकारी बोले- एक युवक की मौत हुई, 6 घायलों का इलाज जारी**

पहाड़ी थाना अधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया- बोड़ोली गांव में ग्यासी राम गुर्जर और तुलसी सैनी पक्ष के बीच 2 दिन पूर्व शादी में खाने की बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसके बाद आज फिर दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों ने एक- दूसरे पर पथराव किया। विवाद इतना बढ़ा कि ग्यासी राम गुर्जर पक्ष ने तुलसी सैनी पक्ष पर फायरिंग कर दी। घटना में तुलसी सैनी के बेटे चंदन सैनी को गोली लग गई, जिससे उसकी मौत हो गई। दोनों पक्षों के बीच पथराव और मारपीट में करीब 6 लोग घायल हो गए। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। सभी घायलों को पहाड़ी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां ड्यूटी डॉक्टरों ने चंदन सैनी को मृत घोषित कर दिया। फिलहाल चंदन की बॉडी मॉर्च्युरी में रखवा दी गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**2 दिन पहले शादी में खाने को लेकर हुआ था झगड़ा**

तुलसी सैनी ने बताया- 2 दिन पहले उनके परिवार में शादी थी। उसमें खाने को लेकर ग्यासी गुर्जर पक्ष के एक युवक से कहासुनी हो गई थी। आज भी हमारे यहां पारिवारिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था। इसी दौरान ग्यासी गुर्जर पक्ष के लोग घर आए और 2 दिन पहले हुए झगड़े को लेकर फिर से झगड़ा करने लगे। दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। इसके बाद पथराव शुरू हो गया, जिसके बाद ग्यासी गुर्जर पक्ष ने फायरिंग कर दी, जिसमें मेरे बेटे चंदन सैनी की मौत हो गई।

## जयपुर से चलकर 6 को धौलपुर पहुँचेगी कर्मचारी संघर्ष चेतना यात्रा

### अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक में तैयारियों पर हुआ मंथन

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों एवं कर्मचारियों के प्रशासनिक एवं वित्तीय हितों की लगातार की जा रही उपेक्षा के विरोध में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की ओर से चलाये जा रहे चरणबद्ध आंदोलन के तहत 5 नवंबर से पूरे राज्य में जयपुर से संघर्ष चेतना यात्रा शुरु की जाएंगी। संघर्ष चेतना यात्रा का प्रथम दल गुरुवार 6 नवम्बर को शाम 5.30 बजे धौलपुर पहुँचेगी । महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को पंचायत समिति में जिला कार्यकारिणी की बैठक में ज़िले में आ रही संघर्ष चेतना यात्रा में अधिकाधिक कर्मचारियों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु पदाधिकारियों को ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में कर्मचारी नेताओं ने कहा कि सरकार की ओर से किसी भी विभाग ने कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों को आज तक दूर नहीं किया गया है।

अधीनस्थ सेवाओं के कर्मचारियों एवं तृतीय श्रेणी शिक्षकों के साथ दोहरे मापदंड अपनाए जा रहे हैं। सात सालों से तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण नहीं कर रहे प्रताड़ित किया जा रहा है । महासंघ ने सभी विभागों के कर्मचारियों को समान रूप से पदोन्नति के अवसर मिला इसके लिए प्रत्येक कर्मचारी को पदोन्नति के पाँच अवसर देते हुए 7,14,21,28 एवं 32 वर्षीय सेवा पर पदोन्नति पद का वेतन देने, प्रत्येक विभाग में स्पष्ट एवं पारदर्शी स्थानांतरण नीति लागू कर नियमित स्थानांतरण शुरू करने की मांग की गई। बैठक में श्रीराम गोस्वामी, हरीसिंह गुर्जर, कृष्ण कुमार तोमर, योगेश पांडेय, श्रीभान सिंह गुर्जर, संतोष गोस्वामी, कौशलेंद्र वशिष्ठ, नीरज कुमार शर्मा, केदार सिंह बघेल ,रामप्रीत शर्मा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कांग्रेस नेता सुरेश पदयात्री को मातृ शोक



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** कांग्रेस महासचिव सुरेश पदयात्री की माता निर्मला देवी का सोमवार सुबह निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास आर्य समाज रोड से कुम्हेर गेट स्थित मोक्षधाम पर अंतिम संस्कार किया गया। जिसकी मुखाग्नि बडे बेटे सुरेश पदयात्री ने दी। सुरेश पदयात्री की माता निर्मला देवी की शोक संवेदना अशोक गहलोत, गोविन्द सिंह डोटासरा, सचिन पायलट, रघु शर्मा, डा0 सुभाष गर्ग एंव गहलोत के पूर्व ओएसडी लोकेश शर्मा, पूर्व मंत्री विश्वेन्द्र सिंह, सांसद संजना जाटव सहित सैंकडों कांग्रेसियों ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त कर उन्हें ढांढस बधाते हुए कहा कि इस शोक की घडी में हम आपके साथ है।

## लोधा समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित

ओमीराम पटेल ने किया 13 नवदंपत्तियों का कन्यादान



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** डीग जिले के गांव सैंत कुम्हेर में आयोजित महारानी वीरांगना अवंतीबाई लोधी विकास समिति द्वारा आयोजित लोधा समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया।

जिसमें 13 नवदंपत्ति का विवाह समारोह आयोजित किया गया। जिसमें कन्यादान संभाजी नगर महाराष्ट्र से उद्योगपति ओमीराम पटेल ने पिता बनकर कन्यादान किया और कहा कि ऐसे आयोजन हर समाज को करने चाहिए। जिससे भाईचारा व बढता और पैसे की बर्बादी कम होती है।

समारोह को सम्बोधित करते हुए डीग-कुम्हेर के विधायक डा0 शैलेष सिंह ने नवविवाहित को दंपतियों को सुखी वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामनाएँ दीं और कहा ऐसे आयोजन हर समाज के व्यक्ति को करने चाहिए। डा0 शैलेष सिंह ने कहा कि लोधा समाज का यह प्रयास सराहनीय है। श्रीगिर्राज जी महाराज, सभी दंपतियों को सुखी, समृद्ध रखें।

डा0 शैलेष सिंह ने अवंतीबाई लोधा समाज द्वारा बन रहे छात्रावास के लिए एक लाख रूपये देने की घोषणा की। इस मौके पर ओमीराम पटेल व विधायक डा0 शैलेष सिंह ने इस विवाह समारोह का सफल आयोजन करने वाले समाजसेवी हुकुम सिंह की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे लोग समाज को आगे ले जा सकते है। इस मौके पर पत्रकार व कांग्रेस, भाजपा पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## किसानों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति किया जाना करें सुनिश्चित-जिला कलक्टर

जिला कलक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** बिजली, पानी, मौसमी बीमारियों को लेकर जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन जिला कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में उन्होंने कहा कि समस्त अधिकारी अपने कार्यो का निर्धारित समय में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को राजस्थान संपर्क पोर्टल, 181, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त होने वाली परिवेदनाओं का प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए। आमजन से जुड़ी प्रत्येक समस्या का निस्तारण किया जाना सभी जिला स्तरीय अधिकारियों का दायित्व है। जिस विभाग को परिवेदना प्राप्त होती है। उसका निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बरसात काल में हुए क्षतिग्रस्त भवनों के लिए एसडीआरएफ से वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। क्षतिग्रस्त विद्यालयों में कार्य शीघ्र शुरू कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने पीएचईडी को पेयजल की समय-समय पर गुणवत्ता जांच करने के निर्देश दिए। बैठक में सभी विभागों से संबंधित बजट घोषणाओं की समीक्षा कर अपेक्षित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए। उन्होंने नगर परिषद आयुक्त को मचकुण्ड सरोवर की साफ-सफाई करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को खेतों की सिंचाई के लिए इस समय बिजली की आवश्यकता अधिक होती है। इसलिए किसानों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि वर्षा से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों का मरम्मत कार्य शीघ्र शुरू करते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने संयुक्त निदेशक कृषि विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों द्वारा की जा रही फसल बुवाई के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, उपखण्ड अधिकारी धौलपुर कर्मवीर सिंह सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## लूटपाट और मारपीट के मामले में आरोपियों को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान




**बानसूर(धीरज मौर्य)।** कोटपूतली बहरोड़ जिले के वृत्त बानसूर के थाना पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए कैलाशचन्द पुत्र जेपा राम जाति सैनी आयु 50साल व विजय कुमार पुत्र रामकरण जाति सैनी आयु 19साल निवासी ढाणी दिवान वाली थाना हरसौरा को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश के आदेशानुसार एरिया डोमिनेशन अभियान में वांछित अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया गया है जिसमें समस्त थानाधिकारीयों को निर्देशित किया गया है कि आदेश की अक्षरश पालना की जाए। उसी सन्दर्भ में अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा के सुपरविजन में तथा बानसूर वृतांधिकारी दशरथसिंह चौहान के निर्देशन में तथा हरसौरा थानाधिकारी राजवीरसिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। टीम में हरसौरा थानाधिकारी राजवीरसिंह,हैडकांस्टेबल अमरसिंह व कांस्टेबल सुरेन्द्रसिंह शामिल रहे।

## एसआईआर को लेकर ब्लॉक स्तरीय अधिकारीयों की हुई बैठक



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** बानसूर विधानसभा क्षेत्र के बानसूर उपखण्ड क्षेत्र के पंचायत समिति के सभागार में विधानसभा क्षेत्रीय अधिकारीयों की बैठक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुराग हरित की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में हरित द्वारा एसआईआर के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने कहा कि आपको क्या करना है क्या नहीं आपको बता दिया गया। यह चुनाव आयोग के दिशा निर्देश हैं जिनकी अनुपालना करना हम सबका कर्तव्य है। वहीं उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सोशल मिडिया या अन्य मिडिया को एसआईआर की जानकारी देने से मना किया गया है। क्योंकि यह सब जानकारी देने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ही पात्र हैं!आदेशों की पालना नहीं करने कर कार्यवाही की जा सकती है।

## जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़े का हुआ शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**रैणी (अलवर)।** उपखंड क्षेत्र के पाटन गांव में स्थित एकलव्य मॉडल स्कूल में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़े का शुभारंभ हुआ। एकलव्य मॉडल स्कूल पाटन के प्रधानाचार्य इस्लामुद्दीन ने बताया कि इस दौरान विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने चित्रकला, निबंध और भाषण प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा व कला का सर्वोच्च प्रदर्शन किया।

## भगवान बिरसा मुण्डा की जीवनी पर जिले के विद्यालयों में आयोजित विभिन्न गतिविधियां



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जन्म जयन्ती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव वर्ष के तहत आयोजित कार्यक्रम की श्रृंखला में आज भगवान बिरसा मुण्डा की जीवनी पर निबंध, वाद विवाद एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा श्री महेश कुमार मेहता ने बताया कि जिले के 531 विद्यालयों में प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को भगवान बिरसा मुण्डा की जीवनी की जानकारी दी गई तथा आयोजित कार्यक्रम के तहत निबंध, भाषण, चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने बताया कि आयोजित प्रतियोगिता में करीब 90 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## अज्ञात वाहन ने स्कूटी को टक्कर दी, युवक की मौत

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर के उद्योग नगर थाना क्षेत्र के पालका मोड़ पर सोमवार शाम को अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही बख्तल चौकी से एएसआई मदनलाल व कॉन्स्टेबल प्रेम सिंह मौके पर पहुंचे। एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची तो पुलिस ने अपनी गाड़ी से घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया, यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एएसआई मदनलाल ने बताया- सूचना मिली थी कि पालका मोड़ पर एक्सीडेंट हुआ है। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि मृतक जफरू (35) निवासी जटियाना स्कूटी से एमआईए की ओर से लौट रहा था। किसी अज्ञात वाहन ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे अपनी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज से पहले ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक जफरू एमआईए की कंपनियों में कंप्यूटर रिपेयर का काम करता था। रोजाना शाम को घर लौटता था। उसके तीन छोटे बच्चे हैं।

### रूहानियत की अविरल धारा-78 वां निरंकारी संत समागम

# मध्यम मार्ग अपनाते हुए संतुलित जीवन जिए-सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

बढ़ता राजस्थान




**अलवर (का.स.)।** सांसारिक जिम्मेदारियां को निभाते हुए ,आध्यात्मिकता को अपनाने से जीवन सहज, सुंदर और सफल बन जाता है सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने 78वे निरंकारी संत समागम के तीसरे दिन रविवार को उपस्थित विशाल जनसागर को अपने दिव्य प्रवचनो द्वारा मार्गदर्शन प्रदान करते हुए उपरोक्त भाव प्रकट किए इस संत समागम में विश्व भर से आए लाखो को श्रद्धालु जिस प्रकार सद्गुरु के पावन दर्शनो से आत्मविभोर हो रहे है मुर्शीद और मुर्शिद का यह संगम दिव्यता भव्यता और आत्मिकता का अदितिय नजारा है । संतों ने हमेशा अलिप्त भाव से संसार में रहकर परमार्थ के मार्ग को अपनाते हुए संतुलित जीवन जीने की बात कही है जीवन में यदि हम निरंकार परमात्मा की उपस्थिति का एहसास करते हुए कार्य करते हैं तो वह कार्य निर्लेप भाव से सेवा ही हो जाता है। सदगुरु माताजी ने वैसुधैव कुटुंबकम की भावना का जिक्र करते हुए संत अपने जीवन में आत्मभाव जागृत करके पूरी मानवता के लिए प्रेम धारण करते हैं संत सभी को एक नजर से देखते हुए कोई भी भेदभाव मन में नहीं रखते है और जहां भेदभाव नही वहां नफरत भी नहीं रहती है, रहता है केवल प्रेम । प्रेम देना भी है और स्वीकारना भी है पर वास्तव में प्रेम बांटने के लिए होता है बटोरने के लिए नहीं ।प्रेम वह भाव है जो जितना देते हैं उतना ही मन खुश होता है उसमें वापस पाने की अपेक्षा नहीं रखी जाती है संतों का भाव तो देने का होता है न कि लेने का। सदगुरु माताजी के विचारों से पूर्व आदरणीय निरंकारी राज पिता रमित जी ने संत समागम में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि कोई सांसारिक प्रेमी डूब जाता है तो वह अपने प्रेमी को ईश्वर का दर्जा देता है अगर किसी के हृदय में सतगुरु और परमात्मा के प्रति इलाही प्रेम हो तो वह भक्ति बनाकर आनंदित हो उठता है इसके पूर्व हरियाणा के मानवीय मुख्यमंत्री श्री नायक सिंह सैनी ने समागम में पधार कर सतगुरु के आशीष प्राप्त किया अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि निरंकारी मिशन आत्म मंथन आत्म सुधार एवं समाज निर्माण क का प्रेरणा स्रोत है ।

### कायरौप्रैक्टिक शिविर एवं स्वास्थ्य

मिशन के स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा संत समागम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी व्यापक प्रबंध किया गया है समागम परिसर में8 एलोपैथिक तथा 6 होम्योपैथिक डिस्पेंसरी की सेवन निरंतर जारी रही कायरोरौप्रैक्टिस शिविर में अमेरिका एवं यूरोप के7 डॉक्टर एवं भारत से 4डॉक्टर की टीम समागम के दौरान सेवारत रही समागम परिसर में चार स्थानों पर ( लंगर) की व्यवस्था की गई ।

## महिलाओं व बालिकाओ के लिए फ्री कम्प्यूटर कोर्स का हुआ शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान




**राजगढ़(अलवर)।** सोमवार को शिक्षा और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुये। स्वास्तिक कम्प्यूटर अनाज मंडी चौपड़ बाजार राजगढ़ पर राजस्थान सरकार की पहल पर महिलाओं के लिए फ्री आरएससीआईटी कम्प्यूटर कोर्स का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उद्घाटन समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और संस्थान के निदेशक मंडल ने भाग लिया। भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित व पार्षद सुनीता प्रजापति ने बताया की यह कोर्स राजस्थान सरकार द्वारा प्रायोजित है और विशेष रूप से महिलाओं व बालिकाओं के लिए निःशुल्क है। इस कोर्स का उद्देश्य महिलाओं को डिजिटल शिक्षा और कम्प्यूटर स्किल्स से सशक्त बनाना है ताकि वे रोजगार, स्व-रोजगार या सरकारी सेवाओं में अपना योगदान दे सकें। संस्थान के अध्यक्ष के बी शर्मा ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं को निशुल्क करवाए जा रहे आरएस सीआईटी कंप्यूटर कोर्स के लिए कक्षाएं सोमवार से विधिवत रूप से शुरू हो गई हैं। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक फूलचन्द प्रजापति, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित, संस्थान के अध्यक्ष के बी शर्मा, पार्षद सुनीता प्रजापति, पवन जांगिड, सहित कई छात्राएं उपस्थित रही।

## अवैध देशी शराब के 48पव्वों के साथ एक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** कोटपूतली बहरोड़ जिले के बानसूर वृत्त क्षेत्र के थाना नारायणपुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए अवैध देशी शराब के 48पव्वों के साथ ओमकार पुत्र जगदीश जाति अहीर आयु 56साल निवासी चीमाकी ढाणी थाना क्षेत्र नारायणपुर को गिरफ्तार किया है।यह कार्यवाही एरिया डोमिनेशन तथा लोकल एवं स्पेशल एक्ट व माइनर एक के तहत की गईं।पुलिस महानिरीक्षक रेंज जयपुर के आदेशानुसार द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त कार्यवाही एरिया डोमिनेशन तथा लोकल एवं स्पेशल एक्ट के तहत की गईं।

## नेता प्रतिपक्ष जूली ने अलवर सड़क हादसे में मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की मांग

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने अलवर जिले के भिवाड़ी मेगा हाईवे पर 01 नवम्बर की शाम को हुई भीषण सडक़ दुर्घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया है, जिसमें एक ही परिवार के चार सदस्यों- दंपती, पुत्र एवं भतीजी की दर्दनाक मृत्यु हो गई। जूली ने कहा कि यह अत्यंत दुःखद और संवेदनशील घटना है, जिसने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। मृतक परिवार सामान्य आर्थिक स्थिति से संबंधित था और उनके निधन से परिवार के शेष सदस्यों के सामने जीवनयापन का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि मानवीय आधार पर मृतकों के परिजनों को प्रत्येक मृतक के लिए 10 लाख रुपए तथा घायलों के लिए 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की जाए। जूली ने कहा कि बीते दिनों जैसलमेर में हुई बस दुर्घटना में भी मृतकों के परिजनों को सहायता राशि प्रदान की गई थी। अतः अलवर हादसे के पीडि़त परिवारों को भी समान आधार पर राहत प्रदान करना न्यायोचित होगा। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए मृत आत्माओं की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

## एसआईआर का फार्म भरना होगा आसान, बीएलओ घर-घर पहुंचाएंगे प्रपत्र- जिला निर्वाचन अधिकारी

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि जिले में मंगलवार से विशेष गहन पुनरीक्षण यानि एसआईआर के तहत बीएलओ घर-घर जाकर सर्वेक्षण का काम शुरू करेंगे, जिसके तहत 4 नवबंर से 4 दिसंबर तक सभी बीएलओ मतदाताओं के घर-घर पहुंचकर उनसे 2 प्रतियों में गणना प्रपत्र भरवाएंगे, जिसमें से एक प्रति रसीद के तौर पर मतदाता के पास ही रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में 2025 की वर्तमान मतदाता सूची के अनुसार जिले में 15 लाख 72 हजार 448 मतदाता हैं। इसमें 8 लाख 27 हजार 171 पुरूष, 7 लाख 45 हजार 253 महिला और 24 अन्य मतदाता हैं। इनकी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारियों के द्वारा गणना प्रपत्र भरवाकर जांच की जानी है। जिला कलक्टर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम आरम्भ हो चुका है। इसके अंतर्गत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक गणना प्रपत्र भरे जाएंगे। 9 दिसम्बर को मतदाता सूचियों के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। 9 दिसम्बर से 8 जनवरी तक दावे और आपत्तियों की अवधि निर्धारित की गई है।

### स्मार्ट मीटर आमजन विरोधी,सरकार ले योजना को वापस

## स्मार्ट मीटर योजना नहीं रुकी तो होगा बड़ा आन्दोलन

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर(धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड बानसूर कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्त्ता पहुँचे। कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं ने स्मार्ट मीटर योजना वापस लो के नारे भी लगाए। तत्पश्चात बानसूर शहर अध्यक्ष राहुल कुमार आर्य के नेतृत्व में कांग्रेसीयों ने उपखण्ड अधिकारी अनुराग हरित के सहायक राजेश जोशी को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गईं कि स्मार्ट मीटर योजना आमजन के हित में नहीं है यह योजना आमजन का शोषण करने वाली योजना है।आर्य ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यदि इस योजना को वापस नहीं लिया औऱ आमजन पर स्मार्ट मीटर थोपा गया तो पूर्व देवस्थान विभाग व उद्योग मंत्री शकुंतला रावत के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्त्ता धरना प्रदर्शन करेंगे औऱ एक बड़ा आन्दोलन करेंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन औऱ राज्य सरकार की होगी।इस अवसर पर राजीव गाँधी पंचायत राज संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अजय यादव गुरुजी,युवा कांग्रेस नेता रजनीश पुरोहित, सुमेर नाहरवाल,कृष्ण यादव सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### देव दीपावली पर जगमगाएंगे मंदिर

# श्री जगन्नाथ व गोविंद देव मंदिर में होगा भव्य दीपोत्सव, सजेगी छप्पन भोग की झांकी

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़(अलवर)।** देव दीपावली के पावन अवसर पर कस्बे के चौपड़ बाजार स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर और गोविंद देव मंदिर में भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्तिक मास में एक माह तक चली धार्मिक साधना और भक्ति के इस मास का समापन वैकुंठ चतुर्दशी के दिन विधि-विधान से होगा। श्री जगन्नाथ मंदिर के महंत पूर्णदास पंडित मदन मोहन शास्त्री ने बताया कि प्रातः मंगला आरती के साथ दीपों का महोत्सव आरंभ होगा। सैकड़ों दीपों से मंदिर परिसर को सजाया जाएगा इस अवसर पर राधा दामोदर जी महाराज की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। घंटे-घडियालों की मधुर ध्वनि और मंत्रोच्चारण के बीच श्रद्धालु व महिलाएं परिक्रमा कर भगवान की आराधना करेंगी महंत ने बताया कि मंदिर में छप्पन भोग की भव्य झांकी सजाई जाएगी, जिसमें भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा देवी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। वहीं गोविंद देव मंदिर में भी दीपदान, भजन-संकीर्तन और आरती का आयोजन होगा। शाम को आरती के बाद भक्तों द्वारा दीपदान किया जाएगा, जिससे पूरा मंदिर परिसर आलोकित हो उठेगा वैकुंठ चतुर्दशी का यह पर्व हरि (विष्णु) और हर (शिव) के मिलन का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन बैकुंठ के द्वार भक्तों के लिए खुले रहते हैं। इसी कारण इसे देव दीपावली कहा जाता है और यह दिन दान-पुण्य के लिए अत्यंत शुभ माना गया है राजगढ़ के मंदिरों में होने वाले इस दीपोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। नगरवासी और आस-पास के ग्रामीण श्रद्धालु भी भगवान के दर्शन और दीपदान के लिए मंदिरों में पहुंचेंगे पूरा वातावरण भक्ति और प्रकाश से ओत-प्रोत रहेगा।

# विधायक विकास और जनकल्याण के कार्यों को पूरी निष्ठा से करें: राष्ट्रपति मुर्मू

बढ़ता राजस्थान

**उत्तराखंड (एजेंसी)।** उत्तराखंड राज्य की स्थापना की रजत जयंती के उपलक्ष्य में यहां आयोजित विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि विधानसभाएं हमारी संसदीय प्रणाली का प्रमुख स्तम्भ हैं जिसमें संविधान निर्माताओं ने निरंतर उत्तरदायित्व को अधिक महत्व दिया था।

उन्होंने कहा कि विधायक जनता और शासन के बीच की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं और जमीनी स्तर पर क्षेत्र की जनता से जुड़कर लोगों की सेवा करने का मौका मिलना एक सौभाग्य की बात है।

इस संबंध में एक विधायक के तौर पर अपने अनुभव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, ''यदि विधायक सेवा-भाव से निरंतर जनता की समस्याओं के समाधान तथा उनके कल्याण में सक्रिय रहेंगे तो जनता और जनप्रतिनिधि के बीच विश्वास का बंधन अटूट बना रहेगा।''




उन्होंने विधायकों से आग्रह किया, ''विकास तथा जन-कल्याण के कार्यों को आप सब पूरी निष्ठा के साथ आगे बढ़ाएं। ऐसे कार्य दलगत राजनीति से ऊपर होते हैं। समाज के वंचित वर्गों के कल्याण एवं विकास पर आप सब विशेष संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।''

राष्ट्रपति ने विधायकों से कहा कि युवा पीढ़ी को विकास के अवसर प्रदान करना आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए।

प्रदेश की स्थापना की रजत जयंती के लिए बधाई देते हुए मुर्मू ने दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जिक्र किया जिनके कार्यकाल के दौरान नवंबर 2000 में उत्तराखंड राज्य की स्थापना हुई थी। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अपनी 25 वर्षों की यात्रा में उत्तराखंड ने पर्यावरण, ऊर्जा, पर्यटन, स्वास्थ्य, शिक्षा, अवस्थापना, डिजिटल और भौतिक संपर्क सहित अनेक क्षेत्रों में विकास के प्रभावशाली लक्ष्य हासिल किए हैं जिससे राज्य में मानव विकास सूचकांक के कई मानकों में सुधार हुआ है ।

राष्ट्रपति ने कहा कि प्रदेश की 25 वर्ष की विकास-यात्रा विधायकों के योगदान से ही संभव हो पाई है।उन्होंने विधायकों से अपेक्षा की कि वे जनाकांक्षाओं को सक्रिय रूप से अभिव्यक्त करते रहेंगे और 'राष्ट्र सर्वोपरि' की भावना के साथ राज्य तथा देश को विकास-पथ पर तेजी से आगे ले जाएंगे।

## कोयला घोटाला मामला

# अदालत ने पूर्व कोयला सचिव, आरकेएम पावरजेन और प्रवर्तकों को बरी किया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तीन नवंबर (भाषा) यहां की एक विशेष अदालत ने फतेहपुर पूर्व कोयला ब्लॉक आवंटन मामले में आरकेएम पावरजेन प्राइवेट लिमिटेड, पूर्व कोयला सचिव एचसी गुप्ता और तीन अन्य को आरोपमुक्त कर दिया है। इस मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उनके खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था। अदालत ने कहा कि उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए कोई सबूत नहीं है। विशेष न्यायाधीश धीरज मोर ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कंपनी के दो प्रवर्तकों अंडाल अरुमुगम और टी एम सिंगारवेल और पूर्व संयुक्त सचिव कुलजीत सिंह क्रोफा को भी आरोपमुक्त कर दिया। वर्ष 2014 में प्राथमिकी दर्ज किये जाने के लगभग तीन साल बाद सीबीआई ने 21 सितंबर, 2017 को अपनी 'क्लोजर रिपोर्ट' पेश की थी, जिसमें दावा किया गया था कि भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी (आपराधिक साजिश) और धारा 420 (धोखाधड़ी) के साथ-साथ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी में लगाए गए आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है।

निष्कर्षों से संतुष्ट नहीं होने पर विशेष अदालत ने एजेंसी को आगे की जांच करने का निर्देश दिया। छह साल बाद सीबीआई ने 2023 में पांच आरोपियों के खिलाफ आपराधिक षड्यंत्र, धोखाधड़ी, जालसाजी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों से संबंधित भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत आरोप पत्र दायर किया।

# हमारे पास दुनिया को 150 बार तबाह करने के लिए पर्याप्त हथियार', ट्रंप का चौंकाने वाला बयान

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा परमाणु परीक्षण करने का आदेश देने के बाद से ही हंगामा मचा हुआ है, लेकिन ट्रंप अपनी बात पर अड़े हैं। अब उन्होंने एक चौंकाने वाले बयान में कहा है कि अमेरिका के पास दुनिया को तबाह करने के लिए पर्याप्त परमाणु हथियार हैं, लेकिन फिर भी अमेरिका को परमाणु परीक्षण करने की जरूरत है। ट्रंप ने कहा कि रूस और चीन की परमाणु महत्वकांक्षाएं भी अमेरिका के परमाणु परीक्षण करने की वजह है।



शी जिनपिंग से मुलाकात से पहले ट्रंप ने दिया था परमाणु परीक्षण का आदेश

सीबीएस के साथ एक इंटरव्यू में डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि परमाणु परीक्षण करने का उन्होंने तब फैसला किया, जब उन्हें एहसास हुआ कि इतने बड़े परमाणु हथियारों के जखीरे के बावजूद अमेरिका अकेला ऐसा देश नहीं हो सकता, जो परमाणु परीक्षण न करे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बीते दिनों दक्षिण कोरिया में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात से कुछ घंटे पहले ही सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर अमेरिकी रक्षा विभाग को तुरंत परमाणु परीक्षण शुरू करने का आदेश दिया था। ट्रंप के इस बयान की दुनियाभर में आलोचना हुई और विशेषज्ञ मानते हैं कि इससे दुनियाभर में फिर से परमाणु हथियारों के परीक्षण की होड़ मच सकती है।

ट्रंप ने बयान में कहा कि 'हमारे पास किसी भी देश की तुलना में बहुत ज्यादा परमाणु हथियार हैं और हमें परमाणु निरस्त्रीकरण के बारे में कुछ करना चाहिए। मैंने इस बारे में रूसी राष्ट्रपति पुतिन और चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग से भी बात की। हमारे पास इतने परमाणु हथियार हैं, जो पूरी दुनिया को 150 बार तबाह कर सकते हैं। रूस के पास भी बहुत सारे हैं और चीन के पास भी।' ट्रंप ने कहा कि वे नहीं चाहते कि अमेरिका इकलौता देश हो, जो परमाणु परीक्षण न कर रहा हो।

ट्रंप ने कहा रूस ने परमाणु परीक्षण करने का एलान किया और वे ऐसा कर रहे हैं। उत्तर कोरिया भी परमाणु परीक्षण कर रहा है और अन्य देश भी ऐसा कर रहे हैं। हम नहीं चाहते कि हम इकलौता देश रहें, जो परीक्षण न कर रहा हो। अमेरिका ने आखिरी बार ऑपरेशन जूलियन के तहत साल 1992 में परमाणु परीक्षण किया था। अमेरिका और रूस द्वारा परमाणु हथियार परीक्षण ऐसे समय में किया जा रहा है, जब यूक्रेन युद्ध को लेकर दोनों देशों में तनाव है। दोनों देश परमाणु परीक्षण रोकने वाली संधि सीटीबीटी के हस्ताक्षरकर्ता देश हैं। इस संधि पर 187 देशों ने हस्ताक्षर किए हैं, जिनमें चीन, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया, इस्राइल आदि देश भी शामिल हैं।

# सरकारी दफ्तरों में कुत्तों को ऐसे खिलाया जाएगा खाना, सुप्रीम कोर्ट जारी करेगा दिशानिर्देश

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट सरकारी दफ्तरों और संस्थानों में कुत्तों को खाना खिलाने पर जल्द ही दिना-निर्देश जारी करेगा। शीर्ष अदालत ने सोमवार को इसके संकेत दिए। सात नवंबर को फिर सुनवाई होगी और उसी दिन आदेश जारी हो सकते हैं।

इसके अलावा तेलंगाना और बंगाल को छोड़कर बाकी सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों ने कोर्ट के आदेश के अनुपालन में हलफनामे दाखिल किए और देरी के लिए माफी मांगी। कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए इन सभी राज्यों के मुख्य सचिव सोमवार को कोर्ट में पेश हुए। इस मामले में कोर्ट कुत्ता काटने के पीड़ितों का पक्ष भी सुनेगा। सुप्रीम कोर्ट आवारा कुत्तों की समस्या पर स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई कर रहा है। केंद्र और कुछ राज्य सरकारों की ओर से पेश सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस विक्रमनाथ, संदीप मेहता और एनवी अंजारिया की पीठ से आग्रह किया कि इस मामले में पीड़ितों को भी पक्ष रखने का मौका दिया जाए। पीठ ने अनुरोध स्वीकार करते हुए पीड़ितों की हस्तक्षेप अर्जियों को स्वीकार कर लिया।

# मुख्यमंत्री सिद्धारमैया बोले-नेतृत्व परिवर्तन पर कांग्रेस आलाकमान का फैसला अंतिम



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सोमवार को कहा कि राज्य के नेतृत्व में अगर कोई संभावित बदलाव होगा तो उसे लेकर आखिरी फैसला कांग्रेस आलाकमान लेगा। उन्होंने कहा कि नेतृत्व परिवर्तन के बारे में दूसरों की बात का तब तक कोई महत्व नहीं है जब तक पार्टी इस पर कुछ न कहे। डीके शिवकुमार से जुड़े एक सवाल के जवाब में सिद्धारमैया ने कहा, लोग बातें कर सकते हैं, लेकिन आलाकमान कौन है? क्या सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस बारे में कुछ कहा है? लोगों से ज़्यादा, आप ही इस बारे में बात कर रहे हैं। आलाकमान को फैसला करना है। पार्टी आलाकमान के अलावा, इस मामले पर दूसरों के बोलने का कोई महत्व नहीं है।

बिहार विधानसभा चुनावों पर मुख्यमंत्री ने कांग्रेस की जीत का भरोसा जताया। उन्होंने कहा, बेंगलुरु में बहुत से बिहारी हैं। हम उनसे वोट देने का अनुरोध करेंगे।सत्ता विरोधी लहर के साथ-साथ भाजपा का कथित भ्रष्टाचार और कुशासन निर्णायक कारक होंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में अत्यधिक गरीबी और मज़बूत अल्पसंख्यक वोट बैंक आगामी चुनावों में गठबंधन के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ पैदा करते हैं।

# दिल्ली में जहरीली हवा पर सुप्रीम कोर्ट की फटकार

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में बिगड़ते वायु प्रदूषण के बीच सुप्रीम कोर्ट ने बंद पड़े वायु निगरानी स्टेशनों पर रिपोर्ट मांगी है। सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि ज्या दातर स्टेशन काम नहीं कर रहे हैं और सवाल किया गया कि महत्वपूर्ण आंकड़ों के अभाव में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (GRAP) को प्रभावी ढंग से कैसे लागू किया जा सकता है।



एमिकस क्यूरी अपराजिता सिंह ने अदालत से वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को बढ़ते प्रदूषण स्तर को नियंत्रित करने के लिए एहतियात उपाय करने के निर्देश जारी करने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा, "उन्हें स्थिति गंभीर होने से पहले ही कार्रवाई करनी होगी... ऐसी खबरें हैं कि निगरानी केंद्र काम नहीं कर रहे हैं। अगर केंद्र काम नहीं करेंगे, तो हमें नहीं पता होगा कि ग्रेप को कब लागू करना है। उन्हें स्थिति पर जवाब देने दीजिए।" उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि दीवाली के दौरान 37 में से केवल 9 निगरानी केंद्र ही चालू थे।

वकील ने पूछा, "यदि ऐसा है, तो हमें कैसे पता चलेगा कि GRAP को कब लागू करना है?" भारत के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई ने इसके जवाब में सीएक्यूएम और सीपीसीबी को वायु गुणवत्ता को और अधिक खराब होने से रोकने के लिए उठाए जा रहे कदमों का विवरण देते हुए एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

# 'भारत को अगली पीढ़ी के परमाणु हथियार तैयार करने की जरूरत'

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि पाकिस्तान भूमिगत परमाणु परीक्षण कर रहा है। रूस ने भी परमाणु क्षमता से लैस बुरेवेस्तनिक और पोसायडन का परीक्षण किया है। ट्रंप ने इसके जवाब में पेंटागन को भी परमाणु परीक्षण शुरू करने को कहा है। ऐसे में सवाल उठने लगे हैं कि क्या भारत को भी इस दिशा में प्रयास तेज कर देना चाहिए।



दुनियाभर में परमाणु परीक्षणों की होड़ एक बार फिर शुरू हो सकती है। विशेषज्ञों ने इस मौके का फायदा उठाने की बात कही है। बता दें कि भारत ने आखिरी बार 1998 में पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत के पास लगभग 180 परमाणु हथियार हैं, जबकि पाकिस्तान के पास 170 परमाणु हथियार माने जाते हैं। पाकिस्तान 2028 तक 200 परमाणु हथियार तैयार कर सकता है। साथ ही, पाकिस्तान को चीन से डीएफ-41 लंबी दूरी की आइसीबीएम मिल सकती है, जो स्वतंत्र रूप से कई लक्षित परमाणु हथियारों (एमआइआरवी) को ले जा सकती है, जिससे एक ही मिसाइल कई लक्ष्यों को भेदने की क्षमता रखती है। चीन के पास 600 परमाणु हथियार हैं, जिसे 2030 तक 1000 करने का लक्ष्य है। चीन के पास खास तौर पर फ्रैक्शनल आर्बिटल बंबार्डमेंट सिस्टम (एफओबीएस) की क्षमता है, जो किसी भी मिसाइल रक्षा प्रणाली को बेअसर कर सकती है। चीन ने 2021 में इसका परीक्षण किया था। एफओबीएस ऐसी हथियार प्रणाली है जो एक परमाणु हथियार को पृथ्वी की आंशिक कक्षा में स्थापित करती है और फिर उसे एक अप्रत्याशित दिशा से लक्ष्य पर प्रहार करने के लिए वापस नीचे गिराती है ताकि वह मिसाइल किसी भी डिफेंस सिस्टम को दरकिनार कर सके। ये हथियार दिशा और समय बदल सकते हैं, यहां तक कि रडार से बचने के लिए दक्षिणी ध्रुव के ऊपर से भी उड़ सकते हैं।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# पीएम किसान योजना की 21वीं किस्त से पहले सरकार ने दी एक और खुशखबरी, किसानों को मिलेगी राहत; क्या होगा फायदा?

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम किसान योजना की 21वीं किस्त से पहले केंद्र सरकार ने किसानों को आश्वस्त किया है कि रबी सीजन में यूरिया (urea fertilizer) की कोई किल्लत नहीं होगी। खरीफ 2025 के दौरान आयात में वृद्धि और घरेलू उत्पादन में सुधार से देश में पर्याप्त भंडार तैयार हो चुका है। अक्टूबर तक 68.85 लाख टन यूरिया का बफर स्टॉक है। एक महीने में 20 लाख टन बढ़ाया है।



मंत्रालय का दावा है कि समयबद्ध योजना, बढ़े हुए आयात और बेहतर वितरण तंत्र से किसानों को रबी के दौरान किसी तरह की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। खरीफ की बढ़ी मांग के बावजूद किसानों को पर्याप्त यूरिया दिया गया और अब रबी सीजन के लिए भी पर्याप्त बफर स्टाक मौजूद है।

देश में घरेलू उत्पादन और आयात, दोनों में वृद्धि से यूरिया आपूर्ति का ढांचा मजबूत हुआ है। इस वर्ष अप्रैल से अक्टूबर के बीच भारत ने 58.62 लाख टन कृषि-ग्रेड यूरिया आयात किया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह मात्रा 24.76 लाख टन थी। आयात में यह वृद्धि न केवल खरीफ की मांग पूरी करने में कारगर रही, बल्कि रबी के लिए पर्याप्त भंडार तैयार करने में भी अहम साबित हुई।

अक्टूबर में घरेलू उत्पादन 26.88 लाख टन रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.05 लाख टन अधिक है। अप्रैल से अक्टूबर तक औसतन हर महीने 25 लाख टन यूरिया का उत्पादन हुआ। नवंबर-दिसंबर के लिए 17.5 लाख टन का आयात पहले ही तय है। मंत्रालय का मानना है कि इससे रबी के दौरान किसी भी संभावित दबाव से बचा जा सकेगा।

केंद्र सरकार ने राज्यों को यूरिया के वितरण में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए हैं। राज्यों को कहा गया है कि डाइवर्जन, जमाखोरी, तस्करी और काले बाजार जैसी गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। कई राज्यों ने सब्सिडी वाले यूरिया की निगरानी के लिए डिजिटल और नवाचार आधारित उपकरणों का उपयोग शुरू किया है। साथ ही, नमरूप और तलचर में दो नए यूरिया संयंत्र निर्माणाधीन हैं। प्रत्येक की वार्षिक क्षमता 12.7 लाख टन होगी। इनके शुरू होने से आने वाले वर्षों में देश की आयात पर निर्भरता घटेगी और यूरिया उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में बड़ा कदम होगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार